E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 09 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, गुरुवार 23 जुलाई, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## कल्याण बनर्जी के निलंबन पर टीएमसी का विरोध

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी के निलंबन को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मुद्दे पर टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने निलंबन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए, जबकि भाजपा सांसद सुष्मिता देव ने संसद में जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए चर्चा की आवश्यकता पर जोर दिया। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि दोपहर करीब दो बजे सदन में हंगामे के बीच कार्यवाहक सभापति ने एक नोटिस पढ़कर कल्याण बनर्जी को पूरे शेष सत्र के लिए निलंबित करने की घोषणा की। सदन में शोर-शराबे के कारण अधिकांश सांसद यह समझ ही नहीं पाए कि सभापति क्या कह रहे थे। यदि निलंबन का आधार कल्याण बनर्जी और सांसद मिताली बाग के बीच हुई कथित बहस है, तो वह उस समय हुई थी, जब सदन की कार्यवाही स्थगित थी, माइक बंद थे और पीठासीन अधिकारी भी मौजूद नहीं थे। ऐसे में उस घटना को सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं माना जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि कल्याण बनर्जी को न तो कोई पूर्व नोटिस दिया गया और न ही अपना पक्ष रखने का अवसर मिला। यह कार्रवाई संसदीय नियमों के अनुरूप नहीं है। नियम 374(2) उस स्थिति में लागू नहीं होता जब सदन की कार्यवाही स्थगित हो।

# नीट मामला: राहुल गांधी ने रखीं तीन मांगें, 'शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, जिम्मेदारों पर कार्रवाई और सरकार से माफी की अपील'

नई दिल्ली। नीट परीक्षा में पेपर लीक और छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं। राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली में हुई गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार सभी लोगों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रधानमंत्री को देश के छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था ने गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों का भरोसा तोड़ा है और सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने दायित्वों का निर्वहन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार पेपर लीक की घटनाओं के बावजूद शिक्षा मंत्रालय प्रभावी कदम नहीं उठा सका। राहुल ने कहा कि ऐसे में शिक्षा मंत्री को पद छोड़ देना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों और छात्रों के खिलाफ कथित बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल निचले स्तर पर नहीं, बल्कि आदेश देने वाले और पूरे तंत्र के लिए जिम्मेदार लोगों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि पूरे मामले की अंतिम जवाबदेही सरकार के शीर्ष नेतृत्व की है। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री छात्रों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और स्वीकार करें कि परीक्षा प्रणाली में गंभीर खामियां रही हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में देशभर में 152 पेपर लीक की घटनाएं हुईं, जिससे करीब 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इतने मामलों के बावजूद किसी भी आरोपी को सजा नहीं मिली, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने



कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में परिवार लाखों रुपये खर्च करते हैं और छात्र वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत पर पानी फेर देती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों का आंदोलन पूरी तरह वैध है और वे केवल निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली तथा पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। उनके मुताबिक, सरकार को छात्रों की मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करना चाहिए, न कि उनकी आवाज दबाने का प्रयास करना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य किसी भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं से लाखों छात्रों का मनोबल प्रभावित हो रहा है। उनका कहना था कि सरकार को परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों का विश्वास दोबारा स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि देश के भविष्य की नींव है। ऐसे में परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है।

## महिला सांसदों पर कथित अभद्र टिप्पणी के मामले में कल्याण बनर्जी सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित



नई दिल्ली। लोकसभा में महिला सांसदों के खिलाफ कथित असंसदीय और आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले को लेकर बुधवार को सदन में बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। सभापति ने कहा कि उन्हें महिला सांसदों की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें सांसद कल्याण बनर्जी पर असंसदीय भाषा और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया है। उन्होंने इसे सदन की गरिमा के विरुद्ध बताते हुए मामले पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में प्रस्ताव रखते हुए कहा कि कल्याण बनर्जी ने महिला सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार किया है, जो संसदीय मर्यादा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि कल्याण बनर्जी को वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए लोकसभा की सेवा से निलंबित किया जाए। प्रस्ताव पर सदन में ध्वनिमत से मतदान कराया गया। सभापति ने पक्ष और विपक्ष की आवाज सुनने के बाद घोषणा की कि बहुमत प्रस्ताव के पक्ष में है। इसके साथ ही प्रस्ताव पारित हो गया और कल्याण बनर्जी को लोकसभा के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। सदन की कार्यवाही के दौरान इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। घटना के बाद संसद परिसर में भी इस फैसले को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। विपक्षी दलों की ओर से इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया आने की संभावना है।

## भजनलाल शर्मा की 'गिव अप अभियान' पहल बनी मिसाल, 1 करोड़ नए पात्र लोगों को मिली खाद्य सुरक्षा



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने सामाजिक न्याय और पारदर्शिता को साकार करने की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेश में 1 करोड़ 56 हजार 511 नए जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री की अभिनव पहल के रूप में शुरू किए गए गिव अप अभियान ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई और करीब 93 लाख सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से गरीबों के हक में खाद्य सुरक्षा छोड़ी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने मुख्यमंत्री का जताया आभार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर गिव अप अभियान के माध्यम से 1 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से शुरू किया गया गिव अप अभियान गरीब लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश का कोई भी पात्र परिवार खाद्य सुरक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। प्रदेश में जनसंख्या के अनुपात में एनएफएसए के अंतर्गत लगभग 4.46 करोड़ लाभार्थियों की सीमा निर्धारित है। इस सीमा के पूर्ण हो जाने के कारण नए पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1 नवम्बर, 2024 को "गिव अप अभियान" प्रारंभ कर सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। करीब 3 माह बाद 26 जनवरी, 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल को पुनः शुरू किया गया ताकि वंचित पात्र लोग योजना से जुड़ सकें। पोर्टल खुलने के बाद 87 लाख 60 हजार 847 लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़ा गया। इस अभियान में 93 लाख 48 हजार 596 सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ा।

## भाजपा अपना अहंकार छोड़कर छात्रों की आवाज़ सुने, राहुल गांधी से दुर्व्यवहार मोदी सरकार के तानाशाहीपूर्ण रवैये की एक और कड़ी

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा को अपना अहंकार छोड़कर देश और प्रदेश के छात्रों की आवाज़ को गंभीरता से सुनना चाहिए। युवाओं और छात्रों के न्यायपूर्ण मुद्दों से मुँह मोड़कर सत्ता के बल पर उन्हें दबाने की कोशिशें पूरी तरह तानाशाहीपूर्ण हैं। जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और छात्रों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। वहीं ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चिकानी में विरोधस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सभाओं में दावा करते थे कि उनके समय पेपर लीक नहीं होंगे, लेकिन हकीकत सबके सामने है। राजस्थान में सीकर और अन्य स्थानों का नाम पेपर लीक में आना बेहद चिंताजनक है। इस दौरान शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो,पेपर माफिया पर कार्रवाई करो और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो के नारे गूंजे। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि नीट-2026 का पेपर राजस्थान में लीक हुआ और राज्य सरकार ने 9 दिन तक एफआईआर तक दर्ज नहीं की। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आया है कि पिछले तीन साल से लगातार नीट का पेपर लीक हो रहा है और पिछले 12 सालों में 90 पेपर लीक हो चुके हैं। जूली ने बुधवार को जयपुर में भाजपा द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर निकाले गए पैदल मार्च पर तंज कसते हुए कहा कि शायद भाजपा नेता यह भूल चुके हैं कि वे सत्ता में हैं, विपक्ष में नहीं। छात्रों की आवाज़ और उनकी वाजिब माँगों का समर्थन कर रही मुख्य विपक्षी पार्टी के खिलाफ भाजपा का इस तरह सड़कों पर उतरना अत्यंत निंदनीय और हास्यास्पद है। सत्ता पक्ष का काम जनता और छात्रों की समस्याओं का समाधान करना होता है, न कि विपक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना। नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट



किया कि मंगलवार को दिल्ली में जिस तरह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार और बलप्रयोग किया गया, वैसा शर्मनाक घटनाक्रम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में कभी नहीं देखा गया। कांग्रेस पार्टी देश के छात्रों और युवाओं के अधिकारों, उनके भविष्य और उनकी आवाज़ को हर मंच पर पूरी मजबूती से उठा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर भाजपा सरकार युवाओं के इतने खिलाफ क्यों है और उनके मुद्दों पर सुनवाई करने के बजाय अहंकार क्यों दिखा रही है? जूली ने आगे कहा कि असलियत यह है कि भाजपा सरकार युवाओं के उबलते आक्रोश और राहुल गांधी के निडर नेतृत्व से बुरी तरह घबराई हुई है। इसी बौखलाहट में विपक्ष और छात्रों की आवाज़ को दबाने के लिए लगातार असंवैधानिक रणनीतियों का सहारा लिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी भाजपा की इस हठधर्मिता और तानाशाही की कड़े शब्दों में निंदा करती है और यह साफ करती है कि छात्रों व जनता के हक की लड़ाई किसी भी दबाव या दमनकारी कदम से नहीं रुकेगी।

## दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिग्विजय चौटाला

चंडीगढ़। दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा में बड़ा आंदोलन छेड़ दिया है। अनिश्चितकालीन धरना शुरू करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र को जंतर-मंतर बनाकर युवाओं की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाई जाए। बुधवार को दिग्विजय चौटाला भारी संख्या में युवाओं के साथ सिरसा स्थित टाउन पार्क में स्थापित जननायक चौधरी देवीलाल की प्रतिमा के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे।

दिग्विजय ने भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिलता, तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे और समय आने पर दिल्ली कूच से भी पीछे नहीं हटेंगे। दिग्विजय चौटाला ने ये भी कहा कि राजनीति से हटकर वे एक युवा होने के नाते अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

## जुल्म की हर कार्रवाई जनआंदोलन की आग को और भड़काएगी : राव नरेंद्र सिंह

पंचकूला। देशभर के छात्रों की न्यायोचित मांगों के समर्थन में चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर हुए लाठीचार्ज तथा पेपर लीक के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसदों, नेताओं एवं छात्रों के विरुद्ध की गई दमनात्मक और बर्बर कार्रवाई के विरोध में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को पंचकूला स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय का जोरदार घेराव कर विरोध-प्रदर्शन किया। हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए छात्रों के साथ हो रहे अन्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का विरोध किया।

## सोनम वांगचुक ने कर दी घोषणा, वीडियो संदेश में कहा- 'आज अनशन तोड़ दूंगा, बस मेरी मांग मान ली जाए'

नई दिल्ली। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से बुधवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा है कि अगर सरकार यह भरोसा दिला देती है कि छात्रों पर अब किसी भी तरह का बल प्रयोग नहीं किया जाएगा और न ही उन पर एफआईआर दर्ज की जाएगी या पुलिस के माध्यम से उन्हें परेशान किया जाएगा, तो वे आज ही अपना अनशन समाप्त कर देंगे। वीडियो संदेश में सोनम वांगचुक ने कहा कि मैं अभी जिंदा हूं; यह मेरे अनशन का 25वां दिन है। 25वें दिन तक मेरा लगभग 11 किलो वजन कम हो चुका है और काफी मांसपेशियां भी कम होने लगी हैं, मगर मैं ठीक हूं। कल रात मुझे सफदरजंग अस्पताल से गुरुग्राम के एक मेदांता अस्पताल में लाया गया है। सोनम वांगचुक ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की भी तारीफ की। वांगचुक ने कहा कि मैं उन सभी छात्रों की सराहना करना चाहता हूं, जिन्होंने बेहद शांतिपूर्ण तरीके से व्यवहार किया। उन्होंने खुद पर लाठियां खाईं, लेकिन वापस कोई हमला नहीं किया। काफी उकसावे और कुछ तत्वों द्वारा पत्थर फेंकने की कोशिशों के बावजूद उन्होंने धैर्य बनाए



रखा। यह देखकर मेरा दिल पिघल गया। उन्होंने कहा कि छात्रों पर बहुत बर्बरता से हमले हो रहे थे, इसलिए मैंने अपना अनशन जारी रखने का फैसला किया था। अब भी मेरे पास कई नेता अनशन तुड़वाने की अपील लेकर आए हैं। इनमें मंत्री और सांसद भी शामिल हैं। लगभग 65 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ मुझसे आग्रह किया जा रहा है कि मैं अनशन खत्म कर दूं और वापस देश सेवा में लग जाऊं। मैं खुद भी ऐसा ही करना चाहता हूं, क्योंकि मेरे लिए मेरा काम बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं सरकार से विनती करता हूं कि बच्चों पर इस तरह बल प्रयोग न किया जाए। दूसरी बात, छात्रों पर ऐसे आरोप और एफआईआर दर्ज न की जाए, जिनके जरिए उन्हें जेल, पुलिस या अन्य माध्यमों से परेशान किया जा सके। मुझे इस संबंध में आश्वासन चाहिए। यदि यह आश्वासन जल्द मिल जाता है, तो मैं आप सभी और यहां आए नेताओं की बातों का सम्मान करते हुए आज ही अपना अनशन तोड़ दूंगा। लेकिन, यदि ऐसा कोई आश्वासन नहीं मिलता है, तो बदकिस्मती से मुझे अपना अनशन जारी रखना पड़ेगा। सोनम वांगचुक ने अपने संदेश में कहा कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव पैदा करना नहीं, बल्कि छात्रों के हितों और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है।

## एचएएल-सैफ्रान की बड़ी साझेदारी, भारत में बनेंगे लीप इंजन के अहम पुर्जे, 'मेक इन इंडिया' को मिलेगा बढ़ावा



नई दिल्ली। भारत की प्रमुख रक्षा एवं एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और फ्रांस की सैफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन्स ने सीएफएम लीप इंजन प्रोग्राम के लिए सुपरएलॉय टरबाइन रिंग फोर्जिंग के उत्पादन और आपूर्ति को लेकर एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान को नई मजबूती देने के साथ-साथ वैश्विक एयरोस्पेस सप्लाई चेन में भारत की भूमिका को और मजबूत करेगा। एचएएल ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और सैफरान एयरक्राफ्ट इंजन्स ने सीएफएम लीप इंजन कार्यक्रम के लिए सुपरअलॉय में टरबाइन रिंग फोर्जिंग के उत्पादन और आपूर्ति के लिए एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।' यह समझौता फार्नबोरो इंटरनेशनल एयरशो 2026 के दौरान एचएएल के फाउंड्री एंड फोर्ज डिवीजन के महाप्रबंधक प्रवीण बी. और सैफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (परचेजिंग) डोमिनिक डुप्यू के बीच हुआ। इस अवसर पर एचएएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रवि के. और बेंगलुरु कॉम्प्लेक्स के सीईओ जयकृष्णन एस. भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# भरतपुर दौरे पर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने अधूरी सड़कों का लिया जायजा



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

भरतपुर। पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे, दौरे के दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने सहनावली से नगला माना, मौरोली से तमरौली तथा मथुरा रोड़ से तमरौली तक की सड़क का अवलोकन किया।

जहां कई महीनों से अधूरी पड़ी निर्माणधीन सड़क को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र ही ग्रेवल की गई सड़क पर डामरीकरण कराने के निर्देश दिए। विधायक डॉ. गर्ग ने सहनावली से नगला माना, मौरोली से तमरौली तथा मथुरा रोड़ से तमरौली तक की सड़क का अवलोकन किया और क्षेत्र के लोगों से चर्चा की। क्षेत्र के लोगों ने डॉ. गर्ग को अवलोकन के दौरान बताया कि कई महीनों पहले स्वीकृत इन सड़कों पर पीडब्ल्यूडी द्वारा ग्रेवल डाल दी गई लेकिन अभी तक इसे पक्का नहीं किया गया है जिससे क्षेत्र वासियों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।विभाग का फोकस नीलाम ब्लॉकों को परिचालन में लाने पर है।

# राज्यभर में गुरूवार को आयोजित होगा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग के लिए चलाए गए 5 दिवसीय अभियान के दौरान यह तथ्य ध्यान में आया कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी के लक्षणों में अधिकतर एनीमिया से संबंधित है। उन्होंने निर्देश दिए कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए मिशन मोड में काम किया जाए, ताकि सीवर एनीमिया को माइल्ड एनीमिया में बदला जा सके।

# जयपुर में फुटपाथ अतिक्रमण पर चलेगा बड़ा अभियान, पैदल यात्रियों के लिए होंगे पूरी तरह सुरक्षित रास्ते

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बुधवार को जेडीए में 96वीं ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर के विभिन्न यातायात प्रोजेक्ट्स, अतिक्रमण हटाने और तकनीकी सुधारों पर कई दूरगामी निर्णय लिए गए हैं। पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ की उपलब्धता पर विशेष फोकस बैठक में राहगीरों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है कि फुटपाथ केवल पैदल चलने वालों के लिए उपलब्ध होने चाहिए। फुटपाथों और सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए जेडीए की प्रवर्तन शाखा द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। शहर के फुटपाथों पर अवैध रूप से संचालित डेयरी बूथों को हटाया जाएगा। विभिन्न मार्गों पर आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा बनाए गए रैंप और सीढ़ियों के कारण फुटपाथ घिर गए हैं, उन्हें हटाकर राहगीरों के लिए सुरक्षित फुटपाथ सुनिश्चित किया जाएगा। जयपुर में शहरी यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुगम और नागरिकों के अनुकूल बनाने के लिए एरिया ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान लागू किया जा रहा है। ट्रैफिक मैनेजमेंट के इस नए इवोल्यूशन (जंक्शन से कॉरिडोर और फिर एरिया तक) के तहत कार्य किए जायेंगे। प्रस्ताव के अनुसार पैदल यात्रियों के लिए बाधारहित और सुरक्षित निरंतर (Continuous) फुटपाथ विकसित किए जाएंगे, जहां सड़क और वॉकवे के बीच स्पष्ट अलगाव (ग्रीन मेश फेंस) और सुरक्षा के लिए लो-लेवल लाइटिंग होगी। सड़कों को हरित पट्टियों, जिम उपकरणों, साइकिल ट्रैक, बैठने की जगहों, संकेतकों एवं अन्य शहरी सुविधाओं से अधिक आकर्षक और उपयोगी बनाया जाएगा।




इसके साथ ही नेटवर्क मोबिलिटी के तहत उपयुक्त चौराहों पर आकर्षक रोटरी (Roundabout) विकसित कर आंतरिक सड़कों पर यातायात को बिना ट्रैफिक सिग्नल के सुचारु रूप से संचालित करने की योजना है। इस पहल का उद्देश्य पैदल आवागमन को बढ़ावा देना, यातायात जाम और प्रतीक्षा समय को कम करना, सड़क सुरक्षा में सुधार लाना तथा जयपुर में आधुनिक शहरी परिवहन व्यवस्था विकसित करना है। शहर के प्रमुख मॉल्स की बेसमेंट पार्किंग से अवैध अतिक्रमण और व्यावसायिक गतिविधियों को हटाकर उन्हें केवल पार्किंग के लिए आरक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही एस.एल. मार्ग पर स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों और अस्पतालों द्वारा रैंप, सीढ़ियां और जालियां लगाकर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ भी नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी। जयपुर में स्थित फ्लाईओवर के नीचे के अव्यवस्थित हिस्से को सुव्यवस्थित पार्किंग स्थान के रूप में तब्दील किए जाने पर चर्चा की गई। जिससे रिक्त पडे स्थान का सदुपयोग किया जा सके। इसके साथ—साथ ऐसे स्थानों पर आकर्षक हेरिटेज लुक में विकास करते हुए प्लांटर्स, कियोस्क व उचित लाइटिंग के साथ बेहतरीन सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की गई। प्रस्ताव तैयार कर आगामी बैठक में रखे जाने के निर्देश दिये। ई-रिक्शा प्रबंधन के तहत शहर में संचालित लगभग 50 हजार ई-रिक्शा के सुचारू संचालन के लिए शहर को 7 अलग-अलग जोनों में विभाजित किया गया है। आमजन एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए इस क्यूआर कोड में आपातकालीन एसओएस अलर्ट की सुविधा भी जोड़ी गई है। यातायात प्रबंधन में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR) तकनीक से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की पहचान की जाएगी। चौराहों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर वाहनों के पेंडिंग चालान प्रदर्शित किए जाएंगे। आधारभूत संरचना और पुलिस संसाधनों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस के लिए अलग वॉशरूम सुविधा वाले हेरिटेज लुक के नए डिजाइन के पुलिस बूथ को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# जयपुर नगर निगम की कार्रवाई : 4 केंटर सामान जब्त, अतिक्रमणकारियों से 2 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 4 केंटर सामान जब्त किया गया और अतिक्रमण करने वालों से 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई शिव रेजीडेंसी, नारायण विहार, स्वर्णपथ मानसरोवर, 7 नंबर पुलिया महल रोड और करोलों का बाग, जगतपुरा क्षेत्र में की गई।



उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए 4 केंटर सामान को नगर निगम के गोदाम में भिजवाया गया। सतर्कता टीम ने मौके पर अतिक्रमण करने वालों को समझाइश देते हुए भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि दोबारा अवैध या अस्थायी अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ भारी जुर्माना लगाने के साथ प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने आम नागरिकों से भी सार्वजनिक मार्गों और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करने की अपील की है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, पैदल राहगीरों को सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थानों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# एनआईएफ़ ग्लोबल जयपुर की वार्षिक प्रदर्शनी 'मार्मिक' का उद्घाटन

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रकृति का महत्व, उसका विकराल रूप और आम जीवन में पड़ने वाले प्रभाव को कला और डिज़ाइन के रूप से स्टूडेंट्स ने दर्शाया। मौक़ा था पोद्दार इंस्टिट्यूट के मानसरोवर स्थित एनआईएफ़ ग्लोबल जयपुर के वार्षिक डिज़ाइन प्रदर्शनी 'मार्मिक - डिज़ाइन बिफोर वी डिसअपीयर' के उद्घाटन का। बुधवार से शुरू हुई इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी 26 जुलाई तक सभी शहर के आर्ट-डिज़ाइन लवर्स के लिए खुली रहेगी। कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि राजीविका (आरजीएवीपी), राज्य मिशन निदेशक प्रियंका गोस्वामी, पूर्व पुलिस महानिदेशक आईपीएस (सेवानिवृत्त) डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा, राजीविका (आरजीएवीपी), राज्य परियोजना प्रबंधक डॉ. रमणिका कौर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिज़ाइन की मानद सचिव आर्किटेक्ट अंशुमान शर्मा सहित चेयरपर्सन कमला पोद्दार, डायरेक्टर अभिषेक पोद्दार और रोमा पोद्दार व अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो फेज-2 का किया भूमि पूजन



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सीतापुरा स्थित मेट्रो डिपो में जयपुर मेट्रो फेज-2 का विधिवत भूमि पूजन एवं शिला पूजन किया। साथ ही, उन्होंने पाइलिंग रिंग मशीन का पूजन कर पाइलिंग कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने लगभग 41 किमी लम्बे मेट्रो फेज-2 के मॉडल का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री इसके बाद इलेक्ट्रिक बस में बैठकर मेट्रो डिपो साइट से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने विण्डो से टिकट लिया और छोटी चौपड़ तक मेट्रो में सफर किया। यात्रा के दौरान उन्होंने मेट्रो के कॉकपिट से फेज-2 के तहत खासाकोठी में बनने वाले इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन की साइट का भी अवलोकन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने आर्ट गैलेरी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जयपुर में मेट्रो विस्तार बेहद जरूरी था, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जयपुर की जनता को फेज-2 की सौगात दी है। प्रधानमंत्री जिस कार्य का शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी करते हैं। वर्चुअल शिलान्यास के बाद 18 दिनों में ही सिविल कार्य की शुरूआत हो गई है। जल्द ही शहरवासियों को सुगम आवागमन के लिए बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। यह मेट्रो जयपुर की लाइफलाइन भी बनेगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप फेज-3 और फेज-4 का काम भी प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जयपुर मेट्रो फेज-2 के अन्तर्गत प्रहलादपुरा से टोडी मोड तक उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह कॉरिडोर सीतापुरा से लेकर वीकेआईए तक के औद्योगिक एवं आवासीय क्षेत्रों को जोड़ते हुए जयपुर की जीवनरेखा के रूप में कार्य करेगा। इस कॉरिडोर की कुल लागत 13 हजार 37 करोड़ रूपये से अधिक है। यह फेज-2 कॉरिडोर सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, वीकेआईए, जयपुर एयरपोर्ट, टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल और स्टेडियम, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन, अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

# प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की मासिक समीक्षा बैठक-27 बैंक लाभ की स्थिति में आये

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। शासन सचिव, सहकारिता डॉ. समित शर्मा ने शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रदेश की 36 प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के व्यवसाय, विभागीय योजनाओं की प्रगति, कम्प्यूटराइजेशन, कार्यस्थल पर कार्मिकों की उपस्थिति आदि की समीक्षा की गई। डॉ. शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को एकमुश्त समझौता योजना के माध्यम से दी गई 200 करोड़ रुपये से अधिक की ब्याज राहत का प्रभाव भूमि विकास बैंकों की वित्तीय स्थिति पर सकारात्मक रूप से पड़ा है। पिछले वर्ष तक मात्र 10 बैंक की लाभ की स्थिति में थे और अब लाभ में आने वाले बैंकों की संख्या 27 हो जायेगी। इस वर्ष में शेष 9 बैंकों को भी लाभ में लाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2025-26 की अवधि में विगत वर्ष से दोगुना से अधिक ऋणों का वितरण किया गया है।

# कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव प्रदर्शन, पुलिस ने चलाई वाटर कैनन, डोटासरा बोले- गोली खाने को भी तैयार हैं



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और नीट (NEET) परीक्षा विवाद को लेकर कांग्रेस पार्टी का विरोध प्रदर्शन जयपुर की सड़कों पर लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (BJP) प्रदेश कार्यालय का घेराव करने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के सामने तीखी झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन (पानी की बौछार) का प्रयोग किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान एक महिला कार्यकर्ता बेहोश हो गई। इस विशाल घेराव प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PCC) अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, विधायक और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की भी हुई। प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई और धक्का-मुक्की के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर बरसेः

'बीजेपी वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। ये गोलियां चलाना और आंदोलनों का दमन करना ही जानते हैं। लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं, अगर गोली भी खानी पड़े तो गोविंद डोटासरा और कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता गोली खाने को तैयार है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और लोकसभा में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा से कम हमें कुछ भी मंजूर नहीं है।'

# राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष की पहल पर विधान सभा के श्री राजराजेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा परिसर स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय देव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ शुभ सम्पन्न हुआ। समारोह में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की उपस्थिति में प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। वैदिक आचार्यों समूह के सान्निध्य में महाअभिषेक प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति की विधियां संपन्न हुई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत गणपति पूजन, पुण्याहवाचन, मातृका पूजन, कलश स्थापना, क्षेत्रपाल स्थापना, नवग्रह पूजन, मंडप पूजन, वास्तु पूजन, जलाधिवास, धान्याधिवास, पुष्पाधिवास, शय्याधिवास, देवाधिवास, नगर परिक्रमा, देव अर्चन, हवन, महाअभिषेक, नेत्रोन्मीलन, प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति तथा महाआरती सहित समस्त अनुष्ठान विधिवत संपन्न किए गए। देवनानी ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के साथ समाज में आध्यात्मिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों को भी सशक्त करते हैं।



# नगरीय निकायों की वित्तीय मजबूती एवं संसाधन वृद्धि के लिए मिले महत्वपूर्ण सुझाव, आयोग करेगा समग्र रिपोर्ट में समावेश : अरुण चतुर्वेदी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि आयोग ने अपनी अंतिम रिपोर्ट 4 फरवरी, 2026 को विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत की थी। इसके उपरांत आयोग द्वारा प्रदेशभर में विभिन्न संभागों में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय निकायों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से व्यापक सुझाव प्राप्त किए गए हैं, ताकि भविष्य की अनुशंसाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में बुधवार को स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन, निदेशक जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, राज्य वित्त आयोग के सचिव नरेश ठकराल, विभिन्न नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिशाषी अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के साथ सार्थक संवाद आयोजित किया गया। बैठक में नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति, संसाधन सुदृढ़ीकरण तथा विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।




अध्यक्ष ने कहा कि संवाद के दौरान यह बात उभरकर सामने आई कि वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर स्थानीय निकायों को उपलब्ध होने वाले संसाधन वर्तमान आवश्यकताओं की तुलना में पर्याप्त नहीं हैं। प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) सहित विभिन्न करों की वसूली के लिए प्रभावी एवं पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे राजस्व संग्रहण बढ़े और विकास कार्यों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम, विकास प्राधिकरण एवं अन्य नगरीय संस्थाओं के अधिकार क्षेत्र के स्पष्ट निर्धारण, भवनों के अद्यतन डाटा की उपलब्धता, पर्याप्त मानव संसाधन तथा वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर भी महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। इन सुधारों से स्थानीय निकायों की कार्यक्षमता एवं वित्तीय सुदृढ़ता को और मजबूती मिलेगी। यह प्रतिवेदन स्थानीय निकायों को वित्तीय रूप से अधिक सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण आधार सिद्ध होगा।

## राजस्थान/ प्रादेशिक

# पेट्रोकेमिकल उद्योगों की स्थापना के लिए निवेशकों के लिए पेट्रोजोन में बेहतर अवसर- एसीएस माइंस अपर्णा अरोरा



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर,। राजस्थान रिफाइनरी में उत्पादन शुरु होने के साथ ही अब रिफाइनरी पेट्रो जोन में उद्योग लगाने वाले निवेशकों को कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने कहा कि रिफाइनरी सह उत्पादों की सहज उपलब्धता के कारण रिफाइनरी पेट्रो जोन में पेट्रोकेमिकल से जुड़े उद्योगों की स्थापना निवेशक उद्यमियों के लिए लाभकारी हो गया है। पेट्रोजोन में हाई डेनसिटी पॉलीएथिलीन (एचडीपीई), लिनियर लो डेनसिटी पॉलीएथिलीन (एलएलडीपीई) पॉलीप्रोपिलिन (पीपी) उत्पादों के उद्योग धंधे लगाने के लिए समुचित और मांग के अनुसार कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा। इससे पेट्रोकेमिकल उद्योग में निवेश के बेहतर अवसर उपलब्ध हो गए हैं।

उन्होंने उद्योग विभाग व रीको से आग्रह किया कि वे इस क्षेत्र के निवेशकों की मेपिंग कर पेट्रोजोन में उद्योग लगाने के लिए आकर्षित और प्रेरित करें।

एसीएस माइंस अपर्णा अरोरा बुधवार को सचिवालय कें मंथन कक्ष में उद्योग, रीको, पेट्रोलियम व हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक ले रही थी। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग व रीको को कम पानी व शोधित पानी (ट्रीटेड) का उपयोग करने वाले उद्यमों को प्रोत्साहित करना होगा।

पेट्रोजोन में पेट्रोकेमिकल्स से संबंधित उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को उनके उद्योग की स्थापना के साथ ही कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा और उन्हें कच्चे माल के लिए किसी तरह की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामाजिक समरसता और मेलजोल बढ़ाने के लिए जिला और उपखंड स्तरीय निगरानी एवं सतर्कता समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएं और वर्ष में दो बार पंचायत स्तर पर भी इन बैठकों का आयोजन किया जाए। उन्हांने निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए उद्योग विभाग, रीको, पेट्रोलियम विभाग, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम व रिफाइनरी प्रबंधन को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोजोन में उद्यमों की स्थापना से रिफाइनरी के सहउत्पादों का प्रदेश में ही उपयोग, प्रदेश में औद्योगिक निवेश, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के विपुल अवसर और राजस्व में बढ़ोतरी हो सकेगी और प्रदेश की इकोनोमी बूस्टअप होगी।

## कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का लगाया आरोप



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बहरोड़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहरोड़ द्वारा बुधवार को केंद्र सरकार की कथित युवा एवं शिक्षा विरोधी नीतियों के विरोध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मामलों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पीसीसी सचिव एवं कांग्रेस प्रत्याशी, विधानसभा बहरोड़ श्री संजय यादव ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता में है। वर्षों की मेहनत, संघर्ष और परिवारों की उम्मीदें तब टूट जाती हैं, जब प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। संजय यादव ने कहा कि "जब सरकार युवाओं के सवालों का जवाब देने के बजाय उनकी आवाज़ दबाने का प्रयास करती है, तब लोकतंत्र कमजोर होता है।

## राहुल गांधी की हिरासत पर कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद भाजपा का पलटवार, कांग्रेस राष्ट्र विरोधी पार्टी

दौसा। दिल्ली में राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-21 (NH-21) जाम करने और दौसा कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन करने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने तीखा पलटवार किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत रेला और जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने बयान जारी कर कांग्रेस पर देश का माहौल खराब करने का गंभीर आरोप लगाया है। "कांग्रेस एक राष्ट्र विरोधी पार्टी है। कांग्रेस और पूरा विपक्ष असमाजिक तत्वों, राष्ट्र विरोधी ताकतों व घुसपैठियों के साथ मिलकर देश का माहौल बिगाड़ना और दंगे कराना चाहता है। आम जनता को कांग्रेस के इस छलावे और इरादों से सावधान रहने की जरूरत है।" अब तक 13 मुख्य आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।



## सरकारी अस्पतालों में हाई रिस्क गर्भवतियों के लिए शुरू होगी 'प्रसव सखी' व्यवस्था

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में उच्च जोखिम (हाई रिस्क) वाली गर्भवती महिलाओं को बेहतर सहयोग, मार्गदर्शन और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए 'प्रसव सखी' व्यवस्था शुरू की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यह व्यवस्था मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पतालों, जिला चिकित्सालयों तथा अधिक प्रसव भार वाले प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) में चरणबद्ध रूप से लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पेशेंट सेंट्रिक, रिस्पॉन्सिव, समन्वित और सम्मानजनक बनाना है। नई व्यवस्था के तहत पिंक एप्रिन में तैनात प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी, एएनएम अथवा अन्य चयनित महिला स्वास्थ्यकर्मी 'प्रसव सखी' के रूप में कार्य करेंगी। वे अस्पताल पहुंचने वाली हाई रिस्क गर्भवती महिला के साथ भर्ती से लेकर प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल और डिस्चार्ज तक हर चरण में सहयोग करेंगी।

## कांग्रेस ने कल भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करेगी, पैदल मार्च कि शाम को

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। देश भर में NEET सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए पेपर लीक और नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों व शीर्ष कांग्रेस नेताओं पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में राजस्थान कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PCC) के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में आज शाम 4:00 बजे जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय (पीसीसी) से विशाल पैदल मार्च निकालकर भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि नीट जैसी देश की सबसे बड़ी और संवेदनशील परीक्षाओं सहित अब तक लगभग 150 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, जिससे करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में लटक गया है। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या मंत्री की जवाबदेही तय नहीं की है। पेपर लीक माफिया और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## हौलावास ग्राम पंचायत में विद्युतीय चाक का वितरण, कुम्हार परिवार को मिलेगा आत्मनिर्भरता का नया अवसर

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

कोटपूतली-बहरोड़। जिले की हौलावास ग्राम पंचायत के प्रशासक सत्यपाल चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय कुम्हार परिवार को स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्युतीय चाक (Electric Potter's Wheel) का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जागृति संस्थान के अध्यक्ष ज्ञान चंद सैनी ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक विद्युतीय चाक के उपयोग से पारंपरिक मिट्टी शिल्प कार्य को नई गति मिलेगी। यह चाक लाभार्थी सुशील कुमार के जीवन में नए सृजन का माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से मिट्टी के बर्तनों का निर्माण अधिक



तेज़ी, बेहतर गुणवत्ता एवं कम श्रम के साथ किया जा सकेगा, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी तथा उनकी आय बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सुशील कुमार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और पारंपरिक कौशल का समन्वय ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल अन्य कारीगरों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर बलराम मीणा, लीलू मीणा, प्रिंस शर्मा, लोकेश जाट, बिट्टू मीणा, विक्रम पंच सहित हौलावास ग्राम पंचायत के प्रशासक सत्यपाल चौधरी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

युवा जागृति संस्थान सचिव डॉक्टर गोकुल चंद सैनी ने बताया कि संस्था भविष्य में भी ग्रामीण कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों एवं जरूरतमंद परिवारों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## डिगाडी में शिक्षिका से छेड़छाड़ का मामला, आक्रोशित परिजनों ने प्रिंसिपल के मुंह पर कालिक पोती, पुलिस को सौंपा



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। जोधपुर शहर के बनाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डिगाडी इलाके में स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान (प्राइवेट स्कूल) में शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

घटना से आक्रोशित शिक्षिका के परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में पहुंचकर आरोपी प्रिंसिपल का मुंह काला कर दिया और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित शिक्षिका का आरोप है कि स्कूल का प्रिंसिपल पिछले कुछ समय से उस पर गलत नीयत रख रहा था और आए दिन छेड़छाड़ व अवांछनीय हरकतें कर परेशान करता था। तंग आकर शिक्षिका ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद शिक्षिका ने बनाड़ थाना पुलिस में आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। शिक्षिका के परिजनों को जैसे ही इस घटना का पता चला, वे ग्रामीणों के साथ स्कूल परिसर पहुंचे। आरोपी की इस घटिया हरकत से भड़के लोगों ने प्रिंसिपल का मुंह काला कर दिया और जमकर खरी-खोटी सुनाई। घटना की सूचना मिलते ही बनाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

बनाड़ थाना पुलिस ने पीड़ित शिक्षिका की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों तथा बयानों के आधार पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

## आरएसआर एलीट डेवलपर्स को रिफंड ब्याज के अलावा देना होगा अतिरिक्त हर्जाना और पेनल्टी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (RAJ-RERA) के एडजुडिकेटिंग ऑफिसर ने अधर में लटके प्रोजेक्ट्स के प्रमोटरों की जवाबदेही तय करते हुए घर खरीदारों के हक में एक और बड़ा व राहतकारी फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि प्रमोटर द्वारा समय पर आशियाना न सौंपने की स्थिति में आवंटी केवल साधारण ब्याज ही नहीं, बल्कि बाजार की दरों के आधार पर अतिरिक्त मुआवजा पाने का भी पूर्ण हकदार है। न्यायनिर्णायक अधिकारी आर.एस. कुलहारी ने 'अवध होम्स' प्रोजेक्ट के प्रमोटर मैसर्स आरएसआर एलीट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड' की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए रेरा अथॉरिटी द्वारा पूर्व में तय 11.10% ब्याज के अलावा 1% अतिरिक्त वार्षिक ब्याज और 70,000 का एकमुश्त हर्जाना देने का आदेश जारी किया है।

## कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने दिए ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना और JJM कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। दौसा कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन (JJM), ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले में चल रहे कार्यों की बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजनाः सितंबर तक दौसा और लालसोट को मिलेगा पानीबैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED), परियोजना वृत्त टोंक के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सिंह ने ईसरदा-दौसा परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कीः चुनौतीपूर्ण कार्य प्रगति परः मोरेल नदी क्रॉसिंग, डिडवाना रेलवे ओवरब्रिज और ईसरदा रेलवे क्रॉसिंग पर पाइपलाइन बिछाने के जटिल कार्य तेजी से चल रहे हैं।

सितंबर तक जलापूर्ति का लक्ष्यः आगामी सितंबर माह तक दौसा शहर और लालसोट शहर को परियोजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया है।

वन विभाग की एनओसी/कटाईः दौसा से महवा तक पाइपलाइन बिछाने के लिए वन विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई का कार्य शेष है, जिसके पूरा होते ही कार्य में और गति आएगी।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपस में प्रभावी समन्वय (Coordination) बनाकर परियोजना की राह में आ रही प्रशासनिक बाधाओं को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए।

सड़कों की स्थिति पर चर्चा करते हुए जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद मीणा ने बतायाः

नलकूप आधारित पेयजल योजनाओं के निर्माण के दौरान जिले में कुल 306 किलोमीटर सड़क क्षतिग्रस्त हुई थी। इनमें से 282 किलोमीटर सड़क की मरम्मत पूर्ण की जा चुकी है, जबकि शेष 25 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का काम जारी है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर राजस्थान में संवेदनशील पहल : सरकारी अस्पतालों में शुरू होगी प्रसव सखी व्यवस्था

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान सरकार ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में उच्च जोखिम (हाई रिस्क) वाली गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल, मार्गदर्शन और त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिए 'प्रसव सखी' व्यवस्था शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। यह व्यवस्था प्रथम चरण में मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों, जिला अस्पतालों और अधिक प्रसव भार वाली प्रथम रेफरल इकाइयों (FRU) में लागू की जाएगी।

इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मरीज-केंद्रित (Patient-Centric), समन्वित तथा सम्मानजनक बनाना है। नई व्यवस्था के तहत विशेष रूप से प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी, एएनएम (ANM) अथवा चयनित महिला स्वास्थ्यकर्मी 'पिंक एप्रिन' पहनकर प्रसव सखी के रूप में तैनात रहेंगी।

शुरुआत से डिस्चार्ज तक साथः प्रसव सखी हाई रिस्क गर्भवती महिला के अस्पताल पहुंचने से लेकर भर्ती, प्रसव, प्रसवोत्तर (Postnatal) देखभाल और डिस्चार्ज होने तक हर कदम पर उनके साथ भरोसेमंद साथी के रूप में रहेंगी।

सम्पूर्ण समन्वयः पंजीयन, आवश्यक लैब जांचें, विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श, उपचार तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्च स्तर पर रेफरल प्रक्रिया को सुगम बनाने में प्रसव सखी मुख्य भूमिका निभाएंगी।

प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) गायत्री राठौड़ ने बताया कि चिन्हित अस्पतालों में 24 घंटे संचालित होने वाले 'मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य हेल्प डेस्क' स्थापित किए जाएंगे, जो मरीजों और उनके परिजनों के लिए पहला संपर्क केंद्र (First Point of Contact) होंगे।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

नीमराना। जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमराना एवं नगर कांग्रेस कमेटी, नीमराना के संयुक्त तत्वावधान में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया तथा केंद्र सरकार के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया गया। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज़ को लाठी के बल पर दबाने का प्रयास लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी हमेशा छात्रों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शैतान सिंह मीणा, जिला महासचिव धर्मवीर सिंह, जिला सचिव कर्मपाल सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान,नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेदप्रकाश सैनी, मंजीत सामरिया, अधिवक्ता रविंद्र सांमरिया, देवेंद्र , अशोक दौराता, इंदर सिंह, गजेंद्र सिंह जलालपुरिया, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, कैप्टन राजवीर यादव,संजय सैनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## मनोरंजन समाचार

# फिर 'महादेव' बनकर लौट रहे मोहित रैना, नितेश तिवारी की 'रामायण' में निभा रहे शिवजी की भूमिका

नितेश तिवारी की 'रामायण' का हाल ही में भव्य ट्रेलर लॉन्च किया गया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में मेकर्स ने एक भव्य इवेंट के दौरान कुछ खास लोगों के लिए 'रामायण' का ट्रेलर रिलीज किया, वहीं फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर 24 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। नितेश तिवारी के निर्दशन में बनी 'रामायण' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश के साथ 23 कलाकारों की टोली नजर आने वाली है। फिल्म की कास्टिंग को लेकर दर्शक बेसब्र हैं। फिल्म में रणबीर कपूर प्रभु श्री राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, रवि दुबे लक्ष्मण और सनी देओल बजरंगबली की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच फिल्म में 'महादेव' की भूमिका निभा रहे कलाकार के चर्चे भी जोरों पर हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में कोई और नहीं बल्कि टीवी के 'महादेव' यानी मोहित रैना ही भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान कुछ खास लोगों के लिए 'रामायण' का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसमें फिल्म की कास्ट और निर्माता मौजूद रहे।



अब 24 जुलाई को वर्ल्डवाइड इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा। लेकिन, ट्रेलर के वर्ल्डवाइड रिलीज से पहले ही इसकी क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल होने लगीं। ऐसे ही एक वायरल क्लिप में मोहित रैना 'महादेव' की भूमिका में नजर आ रहे हैं और ट्रेलर में रावण बने यश की झलक भी देखने को मिलती है। मेकर्स की तरफ से अभी तक आधिकारिक रूप से इसका ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन वायरल क्लिप ने फैंस के दिलों की धड़कनें जरूर तेज कर दी हैं। बता दें, मोहित रैना टीवी धारावाहिक 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं। इस पौराणिक धारावाहिक का पहला एपिसोड 18 दिसंबर 2011 में टेलीकास्ट हुआ था और आखिरी एपिसोड 14 दिसंबर 2014 को आया था। इस धारावाहिक में मोहित रैना के साथ मौनी रॉय ने लीड रोल निभाया था। उन्होंने शो में माता सती की भूमिका निभाई थी। उनके शो छोड़ने के बाद सोनारिक भदौरिया ने माता पार्वती की भूमिका निभाई। इस सीरियल को दर्शकों से इतना प्यार मिला कि आज भी कई दर्शकों को मोहित रैना को देखते ही 'महादेव' में उनका अभिनय याद आ जाता है। रामायण की बात करें तो नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी ये फिल्म दो भागों में बन रही है। पहला भाग इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा और दूसरा 2027 में दिवाली पर ही रिलीज होगा। 4000 करोड़ में बन रही इस फिल्म में रणबीर कपूर प्रभु श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं और साई पल्लवी माता सीता की। वहीं यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे और सनी देओल हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। इनके अलावा फिल्म में रवि दुबे, कुणाल कपूर, अरुण गोविल, लारा दत्ता, इंदिरा कृष्णन, सोनल झा, शिशिर शर्मा, शीबा चड्ढा, मुकेश तिवारी, अनुपम खेर, रकुल प्रीत सिंह, शोभना पिल्लई और काजल अग्रवाल जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 'रामायण' को लेकर दर्शकों के बीच लंबे समय से उत्सुकता बनी हुई है और ट्रेलर लॉन्च के बाद यह उत्साह और बढ़ गया है।

# वृंदावन पहुंचे अनुष्का-विराट, कीचड़ में चले नंगे पैर, गुरु पूर्णिमा से पहले लिया प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार प्लेयर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा एक बार फिर अध्यात्मिक नगरी वृंदावन पहुंच गए हैं, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है, इससे पहले विराट और अनुष्का अपने गुरु प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन पहुंचे। यहां दोनों ने श्री हित राधा केली कुंज आश्रम पहुंचकर संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लिया और इस दौरान दोनों की सादगी ने सबके दिल जीत लिए। गुरु पूर्णिमा से पहले वृंदावन पहुंचे अनुष्का-विराट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों कीचड़ में नंगे पैर चलते नजर आ रहे हैं। दोनों की ये सादगी अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। संत प्रेमानंद महाराज इन दिनों यमुना पार बेलवन में यमुना कुंज आश्रम में एकांतवास कर रहे हैं, जिसका निर्माण हाल ही में हुआ है। लेकिन, 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व पर दीक्षित शिष्यों को दर्शन देने के लिए आश्रम में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शिष्यों के आने का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली भी प्रेमानंद महाराज के दीक्षित शिष्य हैं, जिन्होंने बुधवार की सुबह यमुना पार बेलवन में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। हालांकि, विराट-अनुष्का ने इस दौरे को पूरी तरह गोपनीय रखा था, इसके बाद भी फैंस की नजरों ने उन्हें पहचान लिया और अपने कैमरे में कैद कर लिया।

वृंदावन से अनुष्का और विराट का जो वीडियो सामने आया है, उसमें देखा जा सकता है कि अनुष्का और विराट कड़ी सुरक्षा के बीच वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचते हैं। इस दौरान दोनों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मास्क भी पहना था, लेकिन फैंस ने उन्हें तुरंत पहचान लिया। जैसे ही दर्शन के बाद विराट-अनुष्का वापस जाने लगे, उन्होंने 'राधे-राधे' कहते हुए फैंस का अभिवादन किया। उनके इस अंदाज ने वृंदावनवासियों का भी दिल जीत लिया।

फैंस स्टार कपल के विनम्र व्यवहार की जमकर तारीफ कर रहे हैं। विराट-अनुष्का की प्रेमानंद महाराज के लिए श्रद्धा किसी से छिपी नहीं है। अपनी जिंदगी के किसी भी अहम पड़ाव से पहले और बाद दोनों प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने जरूर जाते हैं। अपनी बेटी वामिका और बेटे अकाय को लेकर भी दोनों प्रेमानंद महाराज के आश्रम जा चुके हैं।

इससे पहले विराट और अनुष्का आईपीएल 2026 में आरसीबी की जीत के बाद भी प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए वृंदावन पहुंचे थे। अब गुरु पूर्णिमा से पहले फिर दोनों वृंदावन पहुंचे हैं और दोनों की ये यात्रा चर्चा का विषय बन गई है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की यह आध्यात्मिक यात्रा सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रशंसक उनके सादगीपूर्ण व्यवहार, विनम्रता और आध्यात्मिक आस्था की सराहना कर रहे हैं। विशेष रूप से कीचड़ भरे रास्ते पर नंगे पैर चलते हुए आश्रम पहुंचने और दर्शन के बाद श्रद्धालुओं का 'राधे-राधे' कहकर अभिवादन करने के उनके अंदाज को लोगों ने काफी पसंद किया है। पिछले कुछ वर्षों में विराट और अनुष्का कई बार वृंदावन पहुंचकर संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद ले चुके हैं। दोनों सार्वजनिक जीवन की व्यस्तताओं के बीच समय निकालकर आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा करते रहे हैं।

# 'मिर्जापुरः द फिल्म' को लेकर श्वेता त्रिपाठी बोलीं- 'गोलू गुप्ता का सफर मेरे करियर का सबसे खास अनुभव'



लंबे समय से दर्शकों के दिलों पर राज कर रही 'मिर्जापुर' फ्रेंचाइजी अब ओटीटी की दुनिया से निकलकर बड़े पर्दे पर दस्तक देने जा रही है। 'मिर्जापुरः द फिल्म' में एक बार फिर अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार गोलू गुप्ता के रूप में नजर आएंगी।

फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री ने अपने किरदार की यात्रा, फ्रेंचाइजी से जुड़े अनुभव और दर्शकों के प्यार को लेकर कई बातें साझा की। उन्होंने बताया कि गोलू का किरदार समय के साथ काफी बदल गया है और एक ऐसी लड़की से एक मजबूत महिला तक का सफर तय कर चुका है, जो सही और गलत की समझ से आगे बढ़ते हुए ताकत, दर्द, बदले और महत्वाकांक्षा जैसी भावनाओं से गुजरती है।

श्वेता त्रिपाठी ने कहा, "जब हमने करीब आठ साल पहले मिर्जापुर की शूटिंग शुरू की थी, तब हममें से किसी ने नहीं सोचा था कि यह सफर इतना लंबा और खास होगा। एक कलाकार के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि आपका काम लोगों तक पहुंचे, लेकिन बहुत कम ऐसा होता है जब कोई शो लोगों की बातचीत, मीम्स, सेलिब्रेशन और उनकी भाषा का हिस्सा बन जाए।

मिर्जापुर ने यह कर दिखाया।" उन्होंने कहा, "किसी किरदार का लोगों के जीवन से जुड़ जाना किसी भी कलाकार के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।"

# पंकज त्रिपाठी की 'ओह माय डॉग' में दिखेगा इंसान और डॉग का खास रिश्ता, बोले- 'यह कहानी दिल को छू लेने वाली है'



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। अब वह अपनी आने वाली फिल्म 'ओह माय डॉग' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इंसान और डॉगी के बीच बने भावनात्मक रिश्ते को दिखाने वाली कहानी है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज त्रिपाठी ने बताया कि जब निर्देशक अमित राय उनके पास इस फिल्म की कहानी लेकर आए तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। अभिनेता ने कहा, ''मैंने इससे पहले अमित राय के साथ फिल्म 'ओह माय गॉड 2' में काम किया था। जब अमित ने 'ओह माय डॉग' की कहानी सुनाई तो मुझे यह बेहद खास लगी। मैंने अमित से कहा कि मैं फिल्म करूंगा, चाहे मेरा किरदार कुछ भी हो। इंसान और डॉगी के बीच का रिश्ता बहुत अनोखा होता है। एक पालतू जानवर अपने मालिक से बिना किसी शर्त के प्यार करता है। वह सिर्फ साथ नहीं देता, बल्कि परिवार का हिस्सा बन जाता है। यह इसी खूबसूरत भावना को दिखाने वाली फिल्म है।''

निर्देशक अमित राय ने भी ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म की कहानी को लेकर अपनी सोच साझा की। उन्होंने कहा, ''मेरा उद्देश्य ऐसी कहानी बनाना था, जिससे हर परिवार जुड़ सके। बच्चे और डॉग्स के बीच की दोस्ती दुनिया के सबसे साफ और प्यारे रिश्तों में से एक होती है। इस फिल्म के जरिए मैं दर्शकों को हंसाना भी चाहता हूं और भावुक भी करना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि फिल्म देखने के बाद लोगों के मन में जानवरों के प्रति ज्यादा प्यार और संवेदनशीलता पैदा होगी।'' 'ओह माय डॉग' की कहानी एक छोटे बच्चे और एक डॉग के बीच बनने वाली खास दोस्ती पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे एक जानवर और इंसान के बीच का रिश्ता जिंदगी को बदल सकता है। फिल्म में ऑस्कर और ब्रूनो नाम के डॉग्स भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। खास बात यह है कि फिल्म में 250 से ज्यादा डॉग्स को शामिल किया गया है। इसे बाबूलाल बाइस्कोप और थिंकिंग हैट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है।

## छात्रों के प्रदर्शन पर अनुपम खेर ने तोड़ी चुप्पी, कहा- 'आपकी लड़ाई आपकी ही रहनी चाहिए'



जंतर-मंतर पर हो रहे छात्रों के प्रदर्शन और उससे जुड़ी तस्वीरों ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस मुद्दे पर कई फिल्मी सितारे अपनी-अपनी राय रख चुके हैं। अब अभिनेता अनुपम खेर ने भी छात्रों के समर्थन में खुलकर बात की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि इस आंदोलन को बाहरी लोगों के एजेंडे का हिस्सा नहीं बनने देना चाहिए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो की शुरुआत छात्रों को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा, "मेरे प्यारे छात्रों, नमस्ते। एक-दो दिन पहले आपके प्रदर्शन की तस्वीरें देखकर मन व्याकुल भी हुआ और दुखी भी। किसी भी छात्र को अपनी बात रखने के लिए ऐसी परिस्थितियों से नहीं गुजरना चाहिए। मैं भी कभी छात्र था। मैंने भी सपने देखे, सवाल पूछे, और व्यवस्था से असहमति जताई। आज भी मेरे संस्थान में सैकड़ों विद्यार्थी हैं, इसलिए मैं आपकी बेचैनी, आपका गुस्सा और आपकी उम्मीदें तीनों को समझ सकता हूं। मेरी नजर में छात्र आंदोलन समाज की सबसे सच्ची आवाज होती है। उनमें कोई स्वार्थ नहीं होता; उनमें उन्हें बस अपने भविष्य की चिंता होती है, अपने अधिकारों की बात होती है, और देश को बेहतर बनाने का सपना भी होता है।" वीडियो में आगे अनुपम खेर ने छात्रों को सावधान रहने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा, "इसलिए मैं दिल से आपके साथ हूं, लेकिन एक बात और, मैं आपसे बड़े भाई की तरह कहना चाहता हूं।"

## 'भाई तेरा सुपरस्टार' का 'आंखों से तूने 2.0' गाना रिलीज, पुराने सिग्नेचर डांस मूव्स में नजर आए राघव जुयाल



अभिनेता राघव जुयाल स्टारर फिल्म 'भाई तेरा सुपस्टार' का नया गाना 'आंखों से तूने 2.0' बुधवार को मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया है। गाने में अभिनेता और निहारिका का खास अंदाज देखने को मिल रहा है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते रहे हैं। अभिनेता राघव जुयाल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गाने का क्लिप शेयर किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, "अब जब आंखें ही सब कुछ कहने लगी हैं, तो दिल का धड़कना तो तय है। 'आंखों से तूने 2.0' गाना अब रिलीज हो चुका है।" इस गाने में राघव अपने सिग्नेचर डांस मूव्स के साथ-साथ एक रोमांटिक और स्टाइलिश अवतार में दिखाई दे रहे हैं। उनका यह नया अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। वहीं, निहारिका भी राघव की बीट से बीट मैच करती नजर आ रही हैं।

हालांकि, पुराने मूव्स की वापसी दर्शकों को काफी भा रही है। यह रोमांटिक ट्रैक 90 के दशक के मशहूर क्लासिक गाने का रीमेक है और इसे कुमार शानू और अलका याग्निक जैसे दिग्गज गायकों ने अपनी आवाज से सजाया था।

इस रीक्रिएटेड गाने को कुमार शानू, अलका याग्निक, देव नेगी और पलक मुच्छल ने अपनी आवाज दी है, जबकि मोहसीन शेख ने इसके गीत को लिखा और लिजो जोर्ज ने इसका संगीत तैयार किया है। वहीं, तुषार कालिया ने गाने को कोरियोग्राफ किया है। 'भाई तेरा स्टार है' में राघव जुयाल लीड एक्टर (अजय सिंह) की भूमिका में हैं, जो लंदन में रहने वाले ऐसे व्यक्ति की कहानी है जिसका सपना बॉलीवुड का सुपरस्टार बनना है। फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। राघव जुयाल के अलावा, फिल्म में संजय कपूर, बरखा सिंह, और निहारिका एनएम मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर कुछ समय पहले रिलीज कर दिया गया है, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हिंदी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक को उम्मीद है कि यह गीत फिल्म के प्रति दर्शकों की दिलचस्पी को और बढ़ाएगा।

## जंतर-मंतर प्रदर्शन पर अभिनेता रहमान की सरकार से अपील, बोले- 'छात्र हमारे दुश्मन नहीं, भारत का भविष्य हैं'



दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन और उस दौरान हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर देशभर में बहस तेज हो गई है। इस मुद्दे पर अब कई जानी-मानी हस्तियां भी खुलकर अपनी राय रख रही हैं। फिल्मी दुनिया से भी लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में तमिल और मलयालम सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता रहमान ने छात्रों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि छात्र देश के दुश्मन नहीं, बल्कि भारत का भविष्य हैं और उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। रहमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, "जब जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू हुआ था, तब मुझे पूरा भरोसा था कि सरकार आगे आएगी, छात्रों की बात सुनेगी और उनकी चिंताओं का समाधान निकालेगी।"

# सार समाचार

## मनीला में न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स से मिले जयशंकर, इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी और समुद्री सहयोग पर चर्चा



मनीला। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मनीला में न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसिफिक) क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, "मनीला में आसियान बैठक के दौरान न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स के साथ उपयोगी बातचीत हुई। हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर अपने विचार साझा किए और समुद्री सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।" इससे पहले दिन में जयशंकर ने थाईलैंड के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के आपसी रिश्तों को और मजबूत बनाने पर बातचीत हुई। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, "मनीला में आसियान बैठक के दौरान थाईलैंड के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ के साथ अच्छी मुलाकात हुई। हमारी चर्चा दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही। साथ ही म्यांमार के हालात पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।" विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो दिन के फिलीपींस दौरे पर हैं। इस दौरान वह आसियान ढांचे के तहत होने वाली विदेश मंत्रियों की बैठकों में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें आसियान-भारत, ईस्ट एशिया समिट (ईएएस) और आसियान रीजनल फोरम (एआरएफ) की बैठकें शामिल हैं। जयशंकर ने मनीला में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत और कनाडा के बीच सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "बुधवार दोपहर कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ अच्छी चर्चा हुई। भारत और कनाडा के बीच सहयोग लगातार आगे बढ़ रहा है।"

## रूसी विदेश मंत्री से मिले जयशंकर, भारतीय नाविकों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा



मनीला। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। ब्लैक सी हमले में 4 भारतीय नाविकों की मौत के बाद शीर्ष स्तर के मंत्रियों की ये पहली मुलाकात थी। इस दौरान विभिन्न मुद्दों के साथ ही नाविकों की सुरक्षा पर भी गहन चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, "रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय संबंधों की गहन समीक्षा की।" उन्होंने आगे लिखा, "क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर अपनी गंभीर चिंता दोहराई। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच साझेदारी के विभिन्न पहलुओं, जिनमें व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा एवं कनेक्टिविटी, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर चर्चा की।"

## अमेरिका बातचीत को तैयार ईरान गंभीर नहीं, फिलहाल उसकी हालत काफी खराब: रूबियो



मनीला। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका अब भी ईरान के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वो इसे लेकर गंभीर नहीं है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूएस-इजरायल हमले की वजह से ईरान काफी परेशानी में है।

रूबियो ने यह बयान बुधवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान दिया।

उन्होंने कहा, "अभी हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे बातचीत को लेकर गंभीर नहीं हैं। अगर वे संजीदा होंगे, तो हम भी होंगे। अगर नहीं, तो हम अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए जो आवश्यक होगा, वह करेंगे।"

होर्मुज पर हुकूमत को लेकर भी रूबियो ने विचार रखे। उन्होंने कहा, "उनका (ईरान) ये व्यवहार कि होर्मुज पर हम ही काबिज रहेंगे गलत उदाहरण पेश करता है। उनकी सोच कि हमें टोल दो नहीं तो तुम्हारे जहाज को उड़ा देंगे बेहद खतरनाक है। हो सकता है कि भविष्य में दुनिया के अन्य इलाकों में ऐसी ही चीजों को दोहराया जाए, ये फ्री नेविगेशन के लिए जरूरी है।"

रूबियो के अनुसार, ईरान की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, "ईरान इस समय काफी मुश्किल स्थिति में है। अमेरिका-इजरायल के साथ हुए संघर्ष में ईरान की अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है।" बाद में, अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की संख्या को लेकर पूछे गए सवाल पर रूबियो ने कहा कि किसी भी संघर्ष क्षेत्र में जाने पर खतरा बना रहता है।

# पाकिस्तान: क्वेटा में गहराया जल संकट, सिंध पर पानी का हिस्सा रोकने का आरोप



क्वेटा। पाकिस्तान का क्वेटा शहर इस समय पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। स्थानीय मीडिया की बुधवार की रिपोर्ट के मुताबिक, शहर में भूजल का स्तर नीचे चला गया है और वॉटर एंड सैनिटेशन एजेंसी (डब्ल्यूएएसए) की तरफ से मिलने वाली सरकारी पानी की सप्लाई कई इलाकों में या तो पूरी तरह बंद हो गई है या बहुत कम कर दी गई है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की जानकारी के अनुसार, सरिएब, सिरकी रोड, समुंगली रोड, जिन्ना टाउन, कंबरनी रोड, सैटेलाइट टाउन, सब्जल रोड और खयाबन-ए-आगा जैसे इलाकों के लोग पानी की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे भी पानी लाने के लिए पैदल लंबी दूरी तय करने को मजबूर हैं। क्वेटा के कई घरों में पिछले छह महीनों से नल का पानी नहीं आया है, जिससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो गई है। स्थानीय लोगों ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत में बताया कि वे नियमित रूप से डब्ल्यूएएसए के बिल भरते हैं, फिर भी उन्हें पानी नहीं मिल रहा। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ और अधिकारियों की तरफ से सिर्फ भरोसा ही दिया जाता रहा। 18 जुलाई को पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के बीच पानी को लेकर विवाद और बढ़ गया। बलूचिस्तान के तीन मंत्रियों ने सुक्कुर बैराज पर किसानों के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंध, बलूचिस्तान के हिस्से का पानी मोड़ रहा है। मंत्रियों ने कहा कि लंबे समय से पानी की कमी के कारण किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंत्रियों ने सिंध सरकार से मांग की कि वह सिंध में बिना अनुमति बनाए गए रास्तों के जरिए बलूचिस्तान के हिस्से का पानी चोरी होने पर कार्रवाई करे। लरकाना डिवीजन के कई इलाकों के किसानों ने भी बलूचिस्तान के किसानों के साथ मिलकर पानी की कमी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस समिति में मंत्री मोहम्मद सादिक उमरानी, सलीम अहमद खोसो और मोहम्मद खान लेहरी शामिल हैं।

# आर्सेनल ने स्पेन की गोलकीपर मीसा रोड्रिगेज को फ्री ट्रांसफर पर साइन किया



लंदन। आर्सेनल विमेन ने स्पेन की स्टार गोलकीपर मीसा रोड्रिगेज को रियल मैड्रिड के साथ उनका अनुबंध समाप्त होने के बाद परमानेंट ट्रांसफर पर अपनी टीम में शामिल कर लिया है। 27 वर्षीय मीसा अब नॉर्थ लंदन क्लब का हिस्सा होंगी। वह रियल मैड्रिड के साथ छह सफल सीजन बिताने के बाद आर्सेनल पहुंची हैं, जहां उन्होंने खुद को यूरोप की शीर्ष गोलकीपरों में शामिल किया और 2025-26 अभियान के दौरान टीम की कप्तानी भी की। आर्सेनल में शामिल होने के बाद मीसा ने क्लब की आधिकारिक घोषणा में कहा, "दुनिया के शीर्ष क्लबों में शामिल आर्सेनल का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है।

मैं इस नई चुनौती के लिए उत्साहित हूं और समर्थकों के साथ मिलकर टीम को और अधिक ट्रॉफियां जिताने और क्लब के इतिहास में नए अध्याय जोड़ने की कोशिश करूंगी। कैनरी आइलैंड्स के लास पाल्मास डे ग्रैन कैनरिया में जन्मी मीसा ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत सीडी फेमरगुइन के साथ की थी।

इसके बाद 2017 में वह एटलेटिको मैड्रिड से जुड़ीं। 2019-20 सीजन से पहले उन्होंने डेपोर्टिवो ला कोरुना का रुख किया, जहां उनके शानदार प्रदर्शन ने टीम को स्पेन की शीर्ष लीग में अपने पहले ही अभियान में चौथे स्थान तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2020 में रियल मैड्रिड की महिला टीम की स्थापना के बाद मीसा क्लब की शुरुआती प्रमुख साइनिंग में शामिल थीं। उन्होंने स्पेनिश क्लब के लिए रिकॉर्ड 215 मुकाबले खेले। अपने पहले ही सीजन में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए जमोरा ट्रॉफी जीती, जो स्पेन की शीर्ष डिवीजन में सबसे बेहतर गोल-कन्सीड रेश्यो रखने वाले गोलकीपर को दी जाती है।

# म्यांमार में बाढ़ का अलर्ट: चिंडविन नदी खतरे के निशान पर, लोगों को सतर्क रहने की सलाह



यांगून। म्यांमार के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने बुधवार को सागाइंग क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बाढ़ की आशंका को लेकर चेतावनी जारी की। यह चेतावनी चिंडविन नदी के दो शहरों में पानी का स्तर खतरे के निशान तक पहुंचने या उससे ऊपर जाने के बाद जारी की गई।

डीएमएच के अनुसार, बुधवार को पॉंगब्यिन में चिंडविन नदी का पानी खतरे के निशान तक पहुंच गया और अगले 24 घंटों में इसके करीब छह इंच और बढ़ने की संभावना है। होमलिन में नदी का जलस्तर पहले ही खतरे के निशान को पार कर चुका है और अनुमान है कि अगले 24 घंटों तक यह इसी स्तर से ऊपर रहेगा। डीएमएच ने सागाइंग क्षेत्र के होमलिन और पॉंगब्यिन टाउनशिप में नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से बाढ़ से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है।

मंगलवार को जारी दस दिन के मौसम पूर्वानुमान में डीएमएच ने बताया कि म्यांमार के कई हिस्सों में अच्छी बारिश और कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने चेतावनी दी कि इस दौरान कई बड़ी नदियों, जैसे अयेयारवाडी, चिंडविन, सिताउंग और थानल्विन नदियों का जलस्तर कुछ इलाकों में सात फीट तक बढ़ सकता है।

बुधवार को डीएमएच ने आने वाले महीनों में गंभीर मौसम की घटनाओं की संभावना को लेकर भी चेतावनी दी। विभाग ने बताया कि ट्रॉपिकल पैसिफिक ओशन में एल नीनो की स्थिति बन गई है।

डीएमएच के निदेशक यू हला टुन ने सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया, "हम एल नीनो के बारे में तब से जानकारी दे रहे हैं, जब यह कमजोर स्थिति में विकसित होना शुरू हुआ था। अब यह मध्यम स्तर तक पहुंच गया है और इस साल के अंत तक इसके बहुत मजबूत होने की उम्मीद है।"

डीएमएच ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मौसम एजेंसियों के पूर्वानुमानों और कंप्यूटर आधारित मौसम मॉडल के अनुसार, अगस्त में मजबूत एल नीनो की स्थिति बन सकती है और 2026 के अंत तक यह बहुत मजबूत हो सकती है।

डीएमएच के अनुसार, हालांकि एल नीनो प्रशांत महासागर में होता है, लेकिन इसका असर दुनिया के कई हिस्सों में दिखाई दे सकता है। इससे बारिश का पैटर्न बदल सकता है, दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है, तूफानों की गतिविधियां असामान्य हो सकती हैं, सूखा पड़ सकता है और मौसम से जुड़ी अन्य गंभीर घटनाएं हो सकती हैं। मौसम विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम संबंधी चेतावनियों और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों को निशाना बनाया तो तेहरान के पुल और बिजली संयंत्र पर होगा हमला : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी जहाज को निशाना बनाया गया, तो अमेरिका इसका जवाब ईरान के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर देगा।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "अब से जब भी इस्लामी गणराज्य ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी जहाज पर हमला करेगा, चाहे वह मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी भी अन्य हथियार या साधन से किया गया हो, तो अमेरिका एक पुल या बिजली संयंत्र को बम से नष्ट कर देगा।

इसमें वे पुल या बिजली संयंत्र भी शामिल होंगे, जो राजधानी तेहरान के पास या उसके अंदर स्थित हैं।" ट्रंप की चेतावनी में कई तरह के संभावित हमलों को शामिल किया गया है, जैसे मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या 'किसी भी अन्य उपकरण या हथियार' से किए गए हमले। राष्ट्रपति ने जवाबी कार्रवाई के तरीके के बारे में भी बताया और कहा कि हर ऐसे हमले के जवाब में अमेरिका "एक पुल या बिजली संयंत्र" को निशाना बनाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ये ठिकाने तेहरान के अंदर या उसके आसपास स्थित हो सकते हैं।

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। इस रास्ते से दुनिया भर में भेजे जाने वाले कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है। भारत के लिए, जो अपनी कच्चे तेल की जरूरत का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आयात करता है, होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा रणनीतिक और आर्थिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है।

इस रास्ते से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने पर माल ढुलाई का खर्च, ऊर्जा की कीमतें और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है।

एक दिन पहले मंगलवार को ही इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक बयान जारी कर कहा कि दो तेल टैंकरों को रोका गया है। ये टैंकर असुरक्षित रास्ते का इस्तेमाल कर रहे थे। धमाकों के बाद टैंकरों में बड़े स्तर पर आग लग गई थी।

# मार्को रुबियो ने भारत के साथ रिश्ते को बताया बेहद महत्वपूर्ण, साल के अंत में कर सकते हैं यात्रा



मनीला। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को भारत के साथ अमेरिका के रिश्तों को 'बेहद महत्वपूर्ण' बताया। रुबियो ने यह बात फिलीपींस में चल रहे 'आसियान' से जुड़े कार्यक्रमों के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के बाद कही। इस बैठक में अमेरिका की राजनीतिक मामलों की अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और दूसरे अधिकारी भी मौजूद थे। रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "आसियान कार्यक्रम के दौरान अपने दोस्त और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिलकर अच्छा लगा। हमने क्षेत्रीय सुरक्षा, क्वाड, व्यापार और रक्षा समझौतों पर चर्चा की। भारत के साथ हमारा रिश्ता बेहद महत्वपूर्ण है।"

अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस बैठक को 'बेहद उपयोगी' बताया और यह भी संकेत दिया कि मार्को रुबियो इस साल के आखिर में भारत आ सकते हैं। गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "आसियान कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो और एस. जयशंकर के बीच बहुत अच्छी द्विपक्षीय बैठक हुई। दरअसल, रुबियो इस साल के आखिर में फिर भारत आ सकते हैं... आगे की जानकारी का इंतजार कीजिए।"

जयशंकर ने भी अपनी मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए बताया कि दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी से जुड़े अहम मुद्दों की समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रीय, वैश्विक और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी बातचीत की। उन्होंने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "मनीला में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिलकर खुशी हुई।"

# मनीला में कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद से मिले जयशंकर, कहा- 'दोनों देशों के संबंध हो रहे मजबूत'

मनीला। विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने बुधवार को मनीला में अपनी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने भारत-कनाडा संबंधों को आगे बढ़ाने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा तय किए गए लक्ष्यों को हासिल करने पर चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ हुई बातचीत बहुत अच्छी रही। भारत-कनाडा के बीच सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। हमारी चर्चा प्रधानमंत्री मोदी और पीएम कार्नी द्वारा तय किए गए लक्ष्यों को हासिल करने पर केंद्रित रही।" इससे पहले जयशंकर ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से भी मुलाकात की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रमों पर उनके विचारों और आकलन की सराहना की।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा, "आज दोपहर मनीला में सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ अच्छी बातचीत हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर उनके विचारों और आकलन को हमेशा महत्व देता हूं।" भारत के विदेश मंत्री आसियान ढांचे के तहत होने वाली बैठकों में भाग लेने के लिए दो दिवसीय फिलीपींस दौरे पर हैं। बैठक से इतर जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की और क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर भारत की गंभीर चिंता दोहराई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, यूक्रेन संघर्ष और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने मनीला में अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो से भी मुलाकात की।

# वर्तमान दौर में किसी भी चुनौती से अकेले नहीं निपट सकते, भारत-आसियान को मिलकर आगे बढ़ना होगा

मनीला। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में आयोजित मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने आसियान और भारत से भविष्य की चुनौतियों का मिलकर सामना करने के साथ ही साझेदारी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। जयशंकर ने आसियान मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा, "मौजूदा अस्थिर और तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों में कोई भी एक देश या समूह अकेले चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता।" उन्होंने भारत और आसियान देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया।

विदेश मंत्री ने फिलीपींस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए देश समन्वयक (कोआर्डिनेटर) की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आसियान की अध्यक्षता का विषय "मिलकर भविष्य की राह तय करना" (नैविगेटिंग आर फ्यूचर टुगैदर) आज की वैश्विक भावना को दर्शाता है।

वर्तमान वैश्विक हालात का जिक्र करते हुए कहा, "दुनिया लगातार अधिक अस्थिर होती जा रही है और यह स्पष्ट है कि कोई भी देश या संगठन अकेले इन चुनौतियों से नहीं निपट सकता। ऐसे में यह विचार करना जरूरी है कि आपसी सहयोग किस तरह सभी देशों के हितों को आगे बढ़ा सकता है।" जयशंकर ने कहा, "मौजूदा अनिश्चितता और व्यवधान के दौर में आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है।"

# SPORTS NEWS

## Shimron Hetmyer, Sherfane Rutherford power West Indies to consolation ODI win over New Zealand

West Indies have finally returned to winning ways after three consecutive defeats against New Zealand in the ODI series. In the final game of the series in Barbados, the Caribbeans successfully chased down 269 runs after Shimron Hetmyer and Sherfane Rutherford combined to steer the hosts through a tense finish.

Although the result came after the series had already slipped away, it provided a timely boost for West Indies ahead of their upcoming World Cup qualifying campaign. They had a tough start to the chase, having been reduced to 123/4 at one stage.

However, Hetmyer took over the responsibility and played a vital knock of unbeaten 69 runs off 64 balls, while Rutherford added 61. New Zealand's spinners dictated the contest for much of the innings after Mitchell Santner entered the attack in the 10th over. Meanwhile, Shai Hope's dismissal added to the hosts' problems.

## Lalit Modi, IPL founder and first chairman, says he will return to India after major tribunal relief



Former Indian Premier League (IPL) chairman Lalit Modi has confirmed that he will return to India by the end of the year or early next year. An appellate tribunal set aside most of the Enforcement Directorate's (ED) findings and penalties against him and other appellants in the 2009 IPL South Africa Foreign Exchange Management Act (FEMA) case. Speaking after the ruling, Modi described the verdict as the culmination of a legal battle spanning 16 years. He said the decision had vindicated his long-standing position that his actions were aimed at protecting the interests of the IPL. "It's really been a great day. 16 years I have fought and whatever I have been saying to the media and to everybody has finally emerged as the truth. I'm really happy that the tribunal has ruled in my favour. I was only concerned with the well-being of the IPL and nothing and nothing at all. That is the most dear to me. Now that chapter is behind me, I'm going to move on in my life and I'm looking forward to coming back to India. I will come back probably end of this year or early next year. My daughter is due with my grandson in October and hopefully everything will be well and I'll be back in India," Modi said.

## Zimbabwe announce 15-member squad for T20I series vs India, Wessley Madhevere returns




Zimbabwe have reshaped their squad for the upcoming three-match T20I series against India. For the marquee series, the Chevrons have brought back all-rounder Wessly Madhevere and fast bowler Newman Nyamhuri while awarding wicketkeeper-batter Tafadzwa Tsiga his first call-up in the format. Madhevere returns after sitting out Zimbabwe's most recent T20I assignment against Bangladesh. Nyamhuri, on the other hand, has also rejoined the squad after overcoming the niggle that prevented him from featuring in that series. Tsiga, meanwhile, has been rewarded with his maiden opportunity to represent Zimbabwe in T20Is. The latest selection also sees Tanaka Chivanga retain his place after being drafted into the Bangladesh series as Nyamhuri's replacement. However, Clive Madande, Tinotenda Maposa and Tashinga Musekiwa have not been included for the matches against India. The 15-player squad will be captained by Sikandar Raza for the home series in Harare, where Zimbabwe are scheduled to face the reigning champions on July 23, 25 and 26. The squad changes reflect Zimbabwe's preparations for one of their biggest assignments of the season as they host the world champions in a three-match contest on home soil. They approach the series after a productive home campaign against Bangladesh across formats.

## Rohit Sharma closes gap with Virat Kohli in ICC rankings, Root enters top 10 after five years







England's ODI series win over India has shaken up the latest ICC Men's ODI Player Rankings. Star England batter Joe Root has cracked the top 10 for the first time in five years, while India's former captain Rohit Sharma has narrowed the gap on teammate Virat Kohli thanks to a brilliant century. Root, instrumental in England's first bilateral ODI series win over India since 2018, moved up four spots to eighth in the batting rankings after a run of steady scores. The seasoned right-hander stayed not out across all three matches, notching 76, 99, and 74 in the three-match series. This strong form has put him back among the ICC's top 10 ODI batters for the first time since 2020, a notable achievement in this later phase of his celebrated international career. Ben Duckett also made a big leap, jumping 11 spots to joint-19th following one of the standout innings of the series. His outstanding 141 at Lord's not only sealed the win for England but also set the record for the highest individual score in a Men's ODI at that historic ground. Many changes were seen in the Men in Blue rankings, with Rohit Sharma's valiant knock of 138 at Lord's pushing him close to Virat Kohli, who now has a nine-point difference between them. Moreover, Shubman Gill continues in second place, just one point behind New Zealand's top-ranked Daryl Mitchell, who currently has 802 rating points. Shreyas Iyer is also up two places to 13th after a knock of 66 in the second ODI in Cardiff. After the recent series between West Indies and New Zealand, Mitchell Santner of New Zealand and Gudakesh Motie of the West Indies also climbed significantly in the rankings. Santner's figures of 2 for 15 and 2 for 36 in New Zealand's wins in the third and fourth ODIs helped him rise from seventh to fourth, while Motie jumped seven places to joint-ninth on the back of a five-for-49 in the fourth match. Michael Bracewell moved up 14 spots to 29th and is now third in the all-rounders' rankings after gaining two places. Meanwhile, in the ICC Men's T20I Player Rankings, Tanzid Hasan reached a career-best 20th position after topping the run-scoring charts in the series, which Bangladesh won 2-1 against Zimbabwe. Another major beneficiary was Ben Duckett, who climbed 11 places to joint-19th after producing one of the standout innings of the series.

## Star India cricketer pens new deal with county team after constant ignorance from Indian management




Star India spinner Kuldeep Yadav has signed a deal with Yorkshire after being left out of India's playing XI during the recent ODI series in England and also being dropped for the three-match T20Is vs Zimbabwe. The wrist-spinner has signed as an overseas player for the County Championship side and will join the club's campaign across two phases. He is also set to feature in five One Day Cup matches before returning in September for three of Yorkshire's final four County Championship fixtures. Notably, Kuldeep is expected to make his first appearance for Yorkshire in Friday's 50-over match against Glamorgan at Neath.

The move provides the 31-year-old with an opportunity for regular cricket after a difficult ODI series in England, where India lost 1-2 and did not select him in any of the three games. The decision to keep Kuldeep out of the XI attracted criticism from several former cricketers and pundits, particularly as India opted for a pace-heavy attack in the final ODI despite Jasprit Bumrah's absence. It resulted in India conceding 387 runs while bowling first and eventually suffered a 27-run defeat.

Now, with senior players being rested for India's T20I assignment in Zimbabwe, Kuldeep will use the Yorkshire opportunity to remain match-ready.

His initial county stint will also serve as preparation before joining India's squad for the two-Test series in Sri Lanka in August.

After the Sri Lanka series, the spinner will return to Headingley for Yorkshire's final County Championship matches of the season. Kuldeep expressed his excitement about joining the club and playing in English conditions.

## Different match timing for India vs Zimbabwe series, check squads, fixture and all you need to know




India tour of Zimbabwe, scheduled to start on July 23, will feature three T20s between the two teams. Stakes are high for the men in blue after the mediocre performance in their previous games. India are all set to take on Zimbabwe in a three-match T20 series, starting on Thursday, July 23 at the Harare Sports Club. Their recent outings in the United Kingdom have put the team under the scanner, but they failed to win any of the T20I series against Ireland and England. It was capped off with another 2-1 defeat against the Three Lions in the ODIs. Newly appointed captain Shreyas Iyer, who replaced Suryakumar Yadav in June, is yet to prove his value as a leader. His IPL credentials have started to fade as India are yet to win a single match under his leadership. The series against the Chevrons will be key for him and as well as for the entire batting unit. On the other hand, prodigy Vaibhav Sooryavansi is also gearing up for the matches ahead. After a poor debut in his international debut, the youngster is ready for a revival, with a lot of faith in himself and the team. Zimbabwe, in the meantime, suffered a series defeat to Bangladesh in the three-match T20Is.

## Vaibhav Sooryavanshi to start afresh in Zimbabwe following a below-par debut



Just four months ago, Vaibhav Sooryavanshi proved his mettle in the Under-19 World Cup in Zimbabwe. In the final against England, the Bihar-born smashed 175 runs off 80 balls, securing a win by 100 runs for India. He finished as the second-leading run-scorer in the tournament and played a vital role throughout the course of the season to help India get the job done. Now the 15-year-old is set to return to the ground as part of the senior team.

He has retained his place after the Ireland and England series, as India play a three-match T20I series in Harare, commencing on July 23. Ahead of that, the all-rounder has shared his memories from his previous matches at the venue. In a video shared by BCCI, Sooryavanshi said that the ground holds special memories for him.

## Tilak Varma hits back at strike-rate critics before Zimbabwe series, says 'I play as per situation'




Newly appointed India's T20I vice-captain Tilak Varma has failed to live up to expectations in recent times. His poor strike rate has been a constant discussion among fans and arguably for the same reason, the selectors have recalled Rinku Singh for the upcoming three-match series against Zimbabwe. However, Tilak isn't bothered about strike rate criticism, insisting that he bats according to the team's needs rather than chasing personal numbers.

Ahead of the Zimbabwe series, the Hyderabad batter made it clear that he's capable of attacking from the very first ball, but that his approach shifts depending on the match situation and what the team actually needs.

"I play according to the situation. In this game, you have to bat in different places, and especially in such conditions, it's not easy. At the same time, I always say that I do whatever is required for the team. If I have to stop and play for the team, then I stop and play. If I have to hit, then I hit and play," Tilak said in the press conference. He pointed to India's repeated top-order collapses on the tour as the real reason behind his approach.

Tilak was named Shreyas Iyer's deputy after the BCCI reshuffled the T20I setup following India's World Cup win.

## David Warner pleads guilty to drink-driving, lawyer reveals details

Former Australia opener David Warner has pleaded guilty to a mid-range drink-driving charge. The plea was entered through Warner's lawyer, Bobby Hill, at Waverley Local Court on Wednesday, July 22. However, the veteran batter wasn't required to appear before the court. His sentence is now scheduled to be handed down on August 18.

In the meantime, his role as Sydney Thunder captain is under renewed scrutiny as the cricketer awaits sentencing next month. "The parties are in discussion about the facts," Mr Hill commented as quoted by Cricinfo. Notably, the charge relates to an incident on Easter Sunday after Warner was stopped by police in Sydney's eastern suburbs. The reading was more than double the legal limit and falls within the mid-range drink-driving category.

# दिमाग से जुड़ी 5 बीमारियां जो युवाओं में तेजी से बढ़ रही हैं, जान लें क्या हैं लक्षण और इनसे कैसे बच सकते हैं



आजकल की लाइफस्टाइल तेज-रफ्तार से भाग रही है। जिसमें बढ़ता मानसिक तनाव, अनियमित दिनचर्या, प्रदूषण और बढ़ती उम्र शरीर में कई बीमारियों का कारण बन रही है।

खासतौर से इस लाइफस्टाइल के लोगों को दिमाग से जुड़ी बीमारियां ज्यादा हो रही हैं। पिछले कुछ सालों में दिमाग से जुड़ी बीमारियों के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

डॉक्टर आदित्य गुप्ता (डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी एवं साइबरनाइफ, आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम) ने बताया कि पहले जिन न्यूरोलॉजिकल समस्याओं को केवल बुजुर्गों तक सीमित माना जाता था, अब वो युवाओं और मध्यम आयु वर्ग में भी तेजी से सामने आ रही हैं।

अच्छी बात यह है कि समय रहते पहचान और सही इलाज से इनमें से कई बीमारियों के गंभीर प्रभावों को रोका जा सकता है।

स्ट्रोक- आज सबसे तेजी से बढ़ने वाली न्यूरोलॉजिकल बीमारियों में से एक स्ट्रोक यानि ब्रेन अटैक है। यह तब होता है जब मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह रुक जाता है या किसी रक्त वाहिका के फटने से ब्लीडिंग होने लगती है। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, धूम्रपान, मोटापा और बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल इसके खतरे को कई गुना बढ़ा देते हैं।

स्ट्रोक के लक्षण- अचानक चेहरे का टेढ़ा होना, एक हाथ या पैर में कमजोरी, बोलने में कठिनाई, संतुलन बिगड़ना या अचानक दृष्टि धुंधली होना।

ब्रेन ट्यूमर- मस्तिष्क की बीमारियों में ब्रेन ट्यूमर के मामले भी काफी बढ़ने लगे हैं। यह ट्यूमर सौम्य (Benign) या घातक (Malignant) दोनों प्रकार का हो सकता है। इसमें आज आधुनिक न्यूरोसर्जरी, माइक्रोस्कोपिक तकनीकों और साइबरनाइफ जैसी उन्नत तकनीकों से अच्छा सफल इलाज संभव है।

# क्या है 3-3-3 वॉकिंग फॉर्मूला? क्या वाकई इससे घटता है वजन?

आज के समय में मोटापा एक कॉमन प्रॉब्लम है। मोटापे की समस्या से परेशान लोग वजन घटाने के लिए कई तरह के फॉर्मूला अपनाते हैं। ऐसे में इन दिनों वजन घटाने और फिटनेस की दुनिया में आजकल 3-3-3 वॉकिंग फॉर्मूला काफी लोकप्रिय हो रहा है। जापान की शिनशू यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा खोजा गया यह वॉकिंग मेथड नॉर्मल वॉकिंग की तुलना में अधिक असरदार माना जाता है। ऐसा माना जा रहा है कि इस वॉकिंग फॉर्मूला से तेजी से वजन घटाने में मदद मिलती है। चलिए जानते हैं। 3-3-3 वॉकिंग फॉर्मूला दरअसल इंटरवल वॉकिंग का ही एक रूप है। इसमें आपको एक ही रफ्तार में चलने के बजाय अपनी रफ्तार को समय-समय पर बदलना होता है। इस वॉकिंग फॉर्मूला में आप 3 मिनट सामान्य या धीमी रफ्तार से वॉक करते हैं। इसमें आराम से टहलें ताकि हार्ट रेट नॉर्मल रहे।

इसके बाद 3 मिनट तेज़ वॉक करें। इसमें अपनी रफ्तार बढ़ाएं, बांहों को चलाएं और इतनी तेज़ चलें कि सांस थोड़ी फूले। फिर इसी प्रक्रिया को 3 से 5 बार दोहराएं। नॉर्मल वॉकिंग की तुलना में 3-3-3 फॉर्मूला वजन घटाने में ज्यादा कारगर साबित होता है।

जब आप धीमी और तेज़ गति के बीच बदलाव करते हैं, तो शरीर को अधिक एनर्जी लगानी पड़ती है। इससे नॉर्मल वॉक के मुकाबले ज्यादा कैलोरी बर्न होती है। हाई और लो इंटेंसिटी का यह कॉम्बिनेशन मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करता है। लगातार भागने या जिम जाने की तुलना में 18-30 मिनट की यह वॉक जोड़ों पर दबाव नहीं डालती, जिससे इसे लंबे समय तक कर पाना आसान होता है। जब आप 3 मिनट तेज़ चलते हैं, तो आपकी धड़कन बढ़ती है जिससे दिल की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

# डेंगू का वैक्सीन कितना असरदार है, जानिए इसके फायदे और नुकसान क्या है?



भारत में हर साल हजारों की संख्या में लोग डेंगू से पीड़ित होते हैं। मानसून में सबसे ज्यादा खतरनाक बीमारी डेंगू बुखार को ही माना जाता है। लेकिन अब भारत ने डेंगू की रोकथाम के लिए पहली वैक्सीन, क्यूडेन्गा के साथ डेंगू से लड़ाई में एक कदम आगे बढ़ाया है। अब डेंगू से बचने के लिए वैक्सीन उपलब्ध है, जो इस बीमारी से लड़ने में उम्मीद की एक नई किरण है। हालांकि डेंगू का टीका लगने से डेंगू होने का खतरा कितना कम होता है ये अभी स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है। डॉक्टर्स की मानें तो डेंगू का टीका मच्छर नियंत्रण और समय पर उपचार का विकल्प नहीं हो सकता। आइये वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर नीतू जैन (क्रिटिकल केयर और स्लीप मेडिसिन विभाग, पीएसआरआई अस्पताल, पल्मोनरी विभाग, नई दिल्ली) से जानते हैं डेंगू के वैक्सीन के फायदे और नुकसान क्या है? डेंगू का टीका किसे लगवाना चाहिए? QDENGA को डेंगू वायरस के चारों प्रकारों से सुरक्षा देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि डेंगू के एक प्रकार से ठीक होने से अन्य तीन प्रकारों से पूर्ण सुरक्षा नहीं मिलती है, इसका मतलब है कि व्यक्ति को एक से अधिक बार डेंगू हो सकता है। यह टीका दो खुराकों में दिया जाता है, आमतौर पर तीन महीने के अंतर पर दूसरी डोज दी जाती है। डॉक्टर जैन का कहना है कि सुरक्षा के लिए आपको टीके की दोनों डोज समय पर लेना जरूरी है। डॉक्टर जैन ने बताया कि टीका डेंगू से 100 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। टीका लगवाने के बाद भी व्यक्ति संक्रमित हो सकता है, हालांकि गंभीर डेंगू होने की संभावना कम हो सकती है। इसका मतलब है कि टीकाकरण के बाद भी डेंगू से बचने के उपाय अपनाए जाने जरूरी हैं। यह टीका केवल डेंगू की रोकथाम के लिए है और डेंगू से पीड़ित व्यक्ति का इलाज नहीं कर सकता। अगर आपको तेज बुखार, गंभीर बदन दर्द, उल्टी, पेट दर्द, रक्तस्राव, असामान्य कमजोरी, सांस लेने में कठिनाई या बहुत नींद आने जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। टीका लगवाने के बाद भी इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें। डॉक्टर जैन बताते हैं कि सरकार और स्वास्थ्य अधिकारी डेंगू के बढ़ते मामलों, स्थानीय संक्रमण, टीके की उपलब्धता और सुरक्षा संबंधी विचारों के आधार पर यह तय करेंगे कि किस उम्र और क्षेत्रों को टीकाकरण के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# शरीर की सूजन बन रही है बीमारियों की जड़? डॉक्टर से जानें इसे नेचुरली कम करने के तरीके



अगर आपके शरीर में बार-बार सूजन बनी रहती है, तो इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज न करें। लंबे समय तक रहने वाली सूजन गंभीर बीमारियों के खतरे को बढ़ा सकती है। ऐसे में गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉक्टर शुभम वात्स्य ने अपने यू ट्यूब पेज पर वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि शरीर की सूजन क्यों होती है और इसे नेचुरली कम करने के लिए किन आसान डाइट को अपनाना चाहिए? डॉक्टर के अनुसार, शरीर में सूजन एक दिन में नहीं होती, बल्कि यह धीरे-धीरे विकसित होने वाली प्रक्रिया है। खराब खानपान, पर्याप्त नींद न लेना, लगातार तनाव, शारीरिक गतिविधि की कमी, धूम्रपान, मोटापा और कुछ पुरानी बीमारियां शरीर में लंबे समय तक सूजन बढ़ा सकती हैं। इसलिए समय रहते इन कारणों की पहचान करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना जरूरी है। शरीर में सूजन होने से डायबिटीज, दिल से जुड़ी बीमारियां, किडनी डैमेज, लिवर की बीमारियां, थायराइड, एलर्जी मोटापा और जोड़ों की समस्याओं समेत कई जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

बेरीज़ः डॉक्टर कहते हैं कि स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रसभरी, ब्लैकबेरी , जामुन और अनार, अमरुद, संतरा, जैसे फलों में विटामिन सी, पॉलीफेनोल्स और एंटी ऑक्सीडेंट्स होता है जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कंट्रोल करने में मददगार माने जाते हैं। ये कलर फ्रूट्स सिर्फ इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में ही नहीं बल्कि सूजन को कम करने में भी कारगर है। डॉक्टर शुभम वात्स्य कहते हैं कि जब शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है तो उस वजह से शरीर में सूजन भी बढ़ती है। इसलिए आप अपनी डाइट में इन फलों को शामिल करें।

हरी पत्तेदार सब्जियांः पालक, मेथी, सरसो और बथुआ, ब्रोकोली, पत्तागोभी, शिमला मिर्च जैसी पत्तेदार सब्जियां, गाजर जैसी सब्जियां फाइबर, फोलेट, कैल्शियम , मैग्निशयम और प्लांट एंटी ऑक्सीडेंट्स प्रोवाइड करते हैं। इसलिए अगर आपको अपने शरीर का सूजन कम करना है तो इन हरी सब्जियों को अपनी डाइट में ज़रूर साहिल करें।

दालें : डॉक्टर के अनुसार, शरीर की सूजन कम करने के लिए अपनी डाइट में दाल, चना, राजमा और लोबिया जैसी फलियों को जरूर शामिल करें।

# तनावमुक्त जीवन और बेहतर एकाग्रता के लिए करें उत्थित पार्श्वकोणासन योगासन

आज की व्यस्त जीवनशैली में शारीरिक संतुलन और आंतरिक ऊर्जा को बनाए रखना एक चुनौती बन गया है। ऐसी स्थिति में उत्थित पार्श्वकोणासन एक ऐसा योगासन है, जो शरीर को ताजगी प्रदान करता है। उत्थित का अर्थ है, खिंचाव, पार्श्व का अर्थ बगल और कोण का अर्थ एंगल हैं। यह एक ऐसा आसन है जिसमें शरीर के पार्श्व (साइड) भाग में एक संपूर्ण और सुंदर पार्श्व-कोण बनता है। यह न केवल हमारी शारीरिक शक्ति और लचीलेपन को बढ़ाता है, बल्कि मन में स्थिरता और एकाग्रता भी लाता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, उत्थित पार्श्वकोणासन (विस्तारित पार्श्व कोण मुद्रा) खड़े होकर किए जाने वाले योगासनों में से एक सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक आसन है, जो पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार लाता है, और पैरों व रीढ़ को मजबूत करता है। इसके अलावा, शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है और रीढ़ की हड्डी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही, यह छाती के विकास और साइटिका के दर्द में राहत दिलाता है। हालांकि, अगर कोई व्यक्ति साइटिका से ज्यादा परेशान है, तो वे सबसे पहले डॉक्टर से सलाह करें। इसको करना बेहद आसान है। इसके लिए सबसे पहले योगा मैट पर दोनों पैरों को एक दूसरे से दूर फैला लें। अब दाहिने पैर के पंजे को बाहर की तरफ घुटने से धीरे-धीरे मोड़ें और उसी मुद्रा में नीचे की ओर बैठें। फिर अपने दाएं हाथ को दाएं पैर के पास जमीन पर रखें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर सीधा 90 डिग्री के एंगल में रखने की कोशिश करें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहने की कोशिश करें, फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

# इको-फ्रेंडली प्लास्टिक पैकेजिंग से बढ़ेगी खाने की शेल्फ लाइफ, घटेगा प्रदूषण

आज के समय में खाने-पीने की चीजों को लंबे समय तक ताजा और सुरक्षित रखने में फूड पैकेजिंग की बहुत बड़ी भूमिका है। दूध, फल, सब्जियां, स्नैक्स या तैयार भोजन हर चीज को ऐसी पैकेजिंग की जरूरत होती है जो हवा और नमी से बचाकर उसकी गुणवत्ता बनाए रखे। लेकिन इसके लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। यह वर्षों तक मिट्टी और पानी में पड़ा रहता है और आसानी से नष्ट नहीं होता। यही वजह है कि दुनिया भर के वैज्ञानिक ऐसे विकल्प तलाश रहे हैं जो भोजन को सुरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान न पहुंचाएं। इसी दिशा में इंडोनेशिया के हसनुद्दीन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एंडी दिरपान और उनकी टीम ने एक नई तरह की बायोडिग्रेडेबल फूड पैकेजिंग फिल्म तैयार की है। यह फिल्म पौधों से बनने वाले प्लास्टिक पॉलीलैक्टिक एसिड (पीएलए) पर आधारित है। खास बात यह है कि इसमें मजबूती बढ़ाने के लिए माइक्रोक्रिस्टलाइन सेल्यूलोज (एमसीसी) और ऑक्सीजन को नियंत्रित करने के लिए ब्यूटाइलेटेड हाइड्रॉक्सीटोल्यून (बीएचटी) का इस्तेमाल किया गया है। ऑक्सीजन के संपर्क में आने से खाने की चीजें जल्दी खराब होने लगती हैं।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद साबित होगा इस ड्राई फ्रूट का पानी, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

अंजीर से मिलने वाले हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में आप जानते होंगे, लेकिन क्या आपको पता है कि अंजीर का पानी भी आपकी सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है? अंजीर के पानी में पाए जाने वाले तमाम तत्व सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं।

बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको हर रोज सुबह-सुबह अंजीर का पानी पीना शुरू कर देना चाहिए। महज एक महीने के अंदर आपको खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस होने लगेगा। अंजीर का पानी ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकता है। यही वजह है कि अंजीर के पानी को डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद माना जाता है। अंजीर का पानी आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकता है। पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप खाली पेट अंजीर के पानी का सेवन कर सकते हैं।

हर रोज सुबह अंजीर का पानी पीकर अपने दिन की शुरुआत करने से आप दिनभर एनर्जेटिक फील कर पाएंगे। इसके अलावा अगर आप अपने बढ़ते हुए वजन पर काबू पाना चाहते हैं, तो रेगुलरली अंजीर का पानी पीने से आप अपनी वेट लॉस जर्नी को काफी हद तक आसान बना सकते हैं। अंजीर का पानी आपकी इम्यूनिटी को भी बूस्ट कर सकता है। इतना ही नहीं हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए भी अंजीर का पानी पीने की सलाह दी जाती है। कुल मिलाकर अंजीर के पानी में पाए जाने वाले पौष्टिक तत्व आपकी ओवरऑल हेल्थ को स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं।

# सुबह 2 भीगे अखरोट खाने से मिलेंगे जबरदस्त फायदे

आजकल हेल्थ एक्सपर्ट भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स खाने की सलाह देते हैं। सर्दियों में भी आप बादाम, किशमिश और अखरोट को पानी में भिगोकर खा सकते हैं। भिगोकर खाने से अखरोट के फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं।

अखरोट हमारे हार्ट और दिमाग के लिए एक सुपरहेल्दी ड्राई फ्रूट है। अखरोट की शेप दिमाग के जैसी होती है। इसलिए इसे दिमाग को ताकत देने वाला ड्राई फ्रूट माना जाता है। अखरोट में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं इसलिए रोजाना अखरोट खाने से आप अपनी सेहत को ठीक रख सकते हैं। जानिए अखरोट को भिगोकर खाने से क्या फायदा मिलता है। कोई भी मेवा हो वो तसीर में गर्म होता है। अखरोट भी गर्म तासीर का ड्राई फ्रूट है इसलिए इसे भिगोकर खाना चाहिए। आप रात में 2 अखरोट की गिरी को पानी में भिगो दें।

सुबह इसे दूसरे भीगे हुए नट्स के साथ या ऐसे ही सिर्फ 2 अखरोट खा लें। इससे अखरोट गर्मी नहीं करेगा और इसे पचाना भी आसान हो जाएगा।

आप रात में दूध में भिगोकर भी अखरोट का सेवन कर सकते हैं। अखरोट के साथ आप दूसरे ड्राई फ्रूट्स भी खा रहे हैं। दिमाग और हार्ट के लिए अखरोट को सबसे अच्छा माना जाता है।


## अगर आपको हर समय सर्दी रहती है, तो जरूर आजमाकर देखें ये आयुर्वेदिक उपाय



जिन लोगों को हर समय सर्दी, खांसी और जुकाम का सामना करना पड़ता है, उनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आपको अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के लिए आप कुछ औषधीय गुणों से भरपूर चीजों का सेवन कर सकते हैं। आयुर्वेद के मुताबिक इन चीजों को अपनी डाइट में शामिल कर आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक दमदार बना सकते हैं। आचार्य श्री बालकृष्ण के अनुसार हल्दी वाला दूध न केवल आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में बल्कि सर्दी-जुकाम की समस्या को दूर करने में भी कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए आपको एक गिलास गर्म दूध में लगभग दो स्पून हल्दी पाउडर मिक्स करके पीना है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आप एक दिन में एक से दो बार औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को पी सकते हैं। सर्दी-जुकाम की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप तुलसी की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं। सबसे पहले 5 से 8 तुलसी की पत्तियों को पीस लीजिए। अब आप पिसी हुई तुलसी की पत्तियों को पानी में डालकर अच्छी तरह से बॉइल कर लीजिए। इस तरह से तुलसी की पत्तियों से बने काढ़े को पीकर आप अपनी इम्यूनिटी को काफी हद तक बूस्ट कर सकते हैं।

# किस विटामिन की कमी की वजह से होता है जोड़ों में दर्द? शरीर में दिखाई देते हैं इस तरह के लक्षण

अगर आपने समय रहते किसी भी जरूरी विटामिन की कमी को दूर नहीं किया, तो आपकी सेहत को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। अगर आपके जोड़ों में दर्द रहने लगा है तो हो सकता है कि आपकी बॉडी में विटामिन डी की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जोड़ों में दर्द महसूस होना, विटामिन डी की कमी के मुख्य लक्षणों में से एक है। हालांकि, विटामिन डी की डेफिशिएंसी की वजह से आपकी बॉडी में इसके अलावा कुछ दूसरे लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। अगर आपकी बॉडी में विटामिन डी की कमी है, तो आपकी बोन और मसल हेल्थ कमजोर होने लगेगी जिसकी वजह से आपको जॉइंट पेन का सामना करना पड़ सकता है। इस विटामिन की डेफिशिएंसी की वजह से होने वाले जोड़ों के दर्द से छुटकारा पाने के लिए आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन डी से भरपूर खाने की कुछ चीजों को शामिल करना चाहिए। हर समय थकान महसूस होना भी इस विटामिन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है। अगर आपको दिन भर एनर्जी की कमी महसूस होती रहती है तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मूड स्विंग्स भी विटामिन डी की कमी का संकेत हो सकते हैं। अगर आपको इस तरह के लक्षण एक साथ महसूस हो रहे हैं तो बिना देरी किए किसी अच्छे से डॉक्टर से कंसल्ट कर लीजिए। दूध और दही जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स इस विटामिन की कमी को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं। मशरूम में भी विटामिन डी की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। अगर आप चाहें तो मछली और अंडे को सही मात्रा में कंज्यूम कर इस विटामिन की डेफिशिएंसी से छुटकारा पा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, विटामिन डी शरीर में कैल्शियम और फॉस्फोरस के अवशोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही कारण है कि इसकी पर्याप्त मात्रा हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक मानी जाती है। लंबे समय तक इसकी कमी रहने पर हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, मांसपेशियों में दर्द या कमजोरी महसूस हो सकती है तथा गिरने या फ्रैक्चर का खतरा भी बढ़ सकता है। विटामिन डी का सबसे प्रमुख प्राकृतिक स्रोत धूप है। सुबह या शाम की हल्की धूप में कुछ समय बिताने से शरीर प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करता है। हालांकि, धूप से मिलने वाली मात्रा व्यक्ति की त्वचा, मौसम, भौगोलिक स्थिति और धूप में बिताए गए समय पर भी निर्भर करती है। इसलिए केवल धूप पर निर्भर रहने के बजाय संतुलित आहार भी जरूरी है। यदि लंबे समय से जोड़ों में दर्द, लगातार थकान, मांसपेशियों में कमजोरी या अन्य संबंधित लक्षण बने हुए हैं, तो स्वयं अनुमान लगाने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।



# ऑनलाइन गेमिंग का शौक पूरा करने के लिए पड़ोसी महिला की हत्या, गहने लूटे और शव सूटकेस में भरकर झील में फेंका

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के पास रामोहल्ली में सुटकेस के अंदर मिले महिला के शव के मामले को पुलिस ने तेजी से सुलझा लिया है। इस मामले में 21 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। उस पर अपनी 61 साल की पड़ोसी महिला की हत्या का आरोप है। उसने महिला के सोने के गहने चुराने के लिए यह हत्या की थी, ताकि उन गहनों को बेचकर वह अपने ऑनलाइन गेमिंग के शौक पर पैसे खर्च कर सके।

पुलिस ने आरोपी गगन राजेगौड़ा (21 साल) को गिरफ्तार किया है, जो चल्लाघट्टा में आंजनेय मंदिर के पीछे यल्लप्पा लेआउट का रहने वाला है। वह मूल रूप मंड्या जिले के नागमंगला के गंगनाहल्ली गांव का रहने वाला है। मंगलवार (21 जुलाई) को दोपहर 12:33 बजे सूटकेस में शव होने की शिकायत मिलने पर होयसला पेट्रोलिंग गाड़ी रामोहल्ली में थिम्मप्पा झील पर गई। वहां झील के बाईं ओर एक लाल सूटकेस में एक अज्ञात महिला का शव तैरता हुआ मिला। शुरुआती जांच से पता चला कि महिला की उम्र 60-65 साल के बीच थी। हत्या का मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने शुरू में मृतक महिला की पहचान जयाम्मा बोरेगौड़ा के तौर पर की, जिनके बेटे ने कुंबलगोड पुलिस स्टेशन में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी।



## सूरत वालों सावधान! रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक होगी बहुत ज्यादा बारिश

सूरत समेत दक्षिण गुजरात में मूसलाधार बारिश का दौर एक बार फिर से जोर पकड़ने लगा है। मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी के बाद हुई मुसलाधार बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। वहीं, ऊपरी क्षेत्र से आए पानी और लगातार बारिश के कारण शहर की 5 प्रमुख खाड़ियों में पानी का लेवल खतरे के निशान तक पहुंच गया, जबकि भेड़वाड़ खाड़ी अपने खतरे की निशान से ऊपर बह रही है। मौसम विभाग ने सूरत में आधी रात से सुबह 4 बजे तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

शहर में बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। लोगों से बुधवार रात अनावश्यक रूप से बाहर ना निकलने की अपील की गई है। साथ ही सतर्क रहने को कहा गया है। खाड़ी का पानी ओवरफ्लो होने से उधना के संजय नगर के लोगो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए लाउडस्पीकर द्वारा ऐलान किया गया और जल्द से जल्द महानगर पालिका के राहत कैंपों में जाने के लिए गुहार लगाई गई। दक्षिण गुजरात के वलसाड में भी भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

# जंतर मंतर के पास फिर हंगामा, प्रदर्शनकारियों की आड़ में गुंडों ने पुलिस पर किया अटैक, ACP विवेक भगत घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर मंतर पर बुधवार रात एक बार फिर से हंगामा और बवाल शुरू हो गया। टॉलस्टॉय मार्ग पर प्रदर्शनकारियों ने एक बार फिर से पुलिस पर हमला किया है। दिल्ली के कनॉट प्लेस के टॉलस्टॉय मार्ग के पास रात 8.30 बजे के आसपास प्रदर्शनकारियों की आड़ में गुंडों ने एक बार फिर पुलिस पर हमला किया। अचानक भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर और बोतल से हमला किया जिसमें एसीपी कनॉट प्लेस विवेक भगत घायल हुए हैं। उनको खुद सीनियर अफसर आरएमएल अस्पताल लेकर गए हैं। प्रदर्शन स्थल के पास पार्क होटल के सामने प्रदर्शनकारियों ने कुछ पुलिसकर्मियों को घेर लिया था। जानकारी के अनुसार, पुलिसकर्मियों को छुड़ाने के लिए पहुंचे ACP विवेक भगत इसी दौरान घायल हो गए। बताया जा रहा है कि उनके सिर पर डंडे से वार किया गया, जिससे उन्हें चोट आई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, रात करीब 9 बजे के आसपास इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद किए जाने का संदेश भी जारी हुआ। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस की मौजूदगी लगातार बढ़ाई गई है और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। स्थिति पर पुलिस की कड़ी नजर है और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सामने आए। जिसमें प्रदर्शनकारियों के हाथ में भी लाठी दिख रही है। वो पुलिसकर्मियों पर हमला कर रहे हैं। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इससे पहले 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संसद मार्च के दौरान झड़प हुई थी। प्रदर्शनकारी संसद गेट के करीब पहुंच गए थे। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया था। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली इलाके में इंटरनेट बंद होने के बावजूद जंतर मंतर और कनॉट प्लेस के इलाके टॉलस्टॉय मार्ग, जनपथ पर सबसे ज्यादा मैसेजिंग हो रही है। नेटवर्क कनेक्शन और SMS इन इलाकों में सबसे ज्यादा एक्सचेंज



किए जा रहे हैं। क्या जंतर मंतर पर बैठे प्रदर्शनकारियों की तरफ से नई दिल्ली में मौजूद प्रदर्शनकारियों को हिंसा का आदेश दिया जा रहा है? साजिश के ऐसे सबूत मिल रहे है जिनपर पुलिस की अलग तफ्तीश जारी है।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली इलाके में इंटरनेट बंद होने के बावजूद जंतर मंतर और कनॉट प्लेस के इलाके टॉलस्टॉय मार्ग, जनपथ पर सबसे ज्यादा मैसेजिंग हो रही है। नेटवर्क कनेक्शन और SMS इन इलाकों में सबसे ज्यादा एक्सचेंज किए जा रहे हैं। क्या जंतर मंतर पर बैठे प्रदर्शनकारियों की तरफ से नई दिल्ली में मौजूद प्रदर्शनकारियों को हिंसा का आदेश दिया जा रहा है? साजिश के ऐसे सबूत मिल रहे है जिनपर पुलिस की अलग तफ्तीश जारी है। दिल्ली से शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन अब देश के कई शहरों में फैल चुका है। पटना में आज वामपंथी छात्रों के संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन ने जोरदार प्रदर्शन किया। 5 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने आज गांधी भवन से राजभवन की ओर मार्च का ऐलान किया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। पटना में प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए, पुलिस पर पत्थर बरसाए। इसके बाद पुलिस ने भी लाठीचार्ज किया। वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और आंसू गैस छोड़ी।

# धर्मेंद्र प्रधान ने देश के सभी शिक्षा मंत्रियों को किया संबोधित, कहा- "29 जुलाई हम सभी के लिए महत्वपूर्ण"



नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा मंत्रियों के एक सम्मेलन को संबोधित किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा "...29 जुलाई हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के छह साल पूरे होने का दिन है। मंत्रियों को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की आने वाली छठी सालगिरह राष्ट्रीय शैक्षिक पहलों के अगले चरण के लिए एक लॉन्चपैड का काम करेगी। राज्य के मंत्रियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उन निर्देशों पर प्रकाश डाला जिनमें प्रमुख फ्लैगशिप कार्यक्रमों जैसे समग्र शिक्षा 3.0, निपुण भारत 2.0 और पीएम पोषण को तेज़ी से आगे बढ़ाने और अटल टिंकरिंग लैब्स जैसे इनोवेशन हब का विस्तार करने की बात कही गई है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया था कि हमें आने वाले दिनों के लिए योजना बनानी चाहिए और समग्र शिक्षा 3.0, निपुण भारत 2.0 और पीएम पोषण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन को और गति देनी चाहिए। हमें अटल टिंकरिंग लैब्स जैसी पहलों का विस्तार करने की भी आवश्यकता है।

# सिया और उसके बॉयफ्रेंड ने पहले केतन को घायल करने की रची थी साजिश, बाद में बदला था इरादा



पुणे के सिया गोयल और उसके बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी ने पहले सिया के मंगेतर केतन अग्रवाल को घायल कर शादी टालने की साजिश रची थी। लेकिन बाद में उन्हें लगा कि इस साजिश में जोखिम अधिक है, इसलिए दोनों ने केतन की हत्या करने का फैसला किया। बाली की प्रस्तावित यात्रा नजदीक आने के कारण दोनों ने जल्द से जल्द वारदात को अंजाम देने की ठान ली। महाराष्ट्र पुलिस ने ये बड़ा खुलासा किया है। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि केतन अग्रवाल की मौत को हादसा दिखाने के लिए दोनों ने कई तरीकों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कथित तौर पर सस्पेंस फिल्में देखीं और इंटरनेट पर भी जानकारी जुटाई।

अंततः दोनों इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि उसे चट्टान से धक्का देकर गिराना सबसे बेहतर तरीका होगा। उन्होंने बताया कि साजिश के दूसरे चरण में दोनों ने वारदात के लिए उपयुक्त जगह की तलाश शुरू की।

इसके तहत उन्होंने लोनावला के टाइगर प्वाइंट और विसापुर किले समेत ऊंचाई वाले कई स्थानों का मुआयना किया। दोनों ने एक-दूसरे को इन जगहों की तस्वीरें भी भेजीं और आखिरकार हत्या की साजिश को अंजाम देने के लिए पुणे के पास स्थित लोहागढ़ किले को चुना। उन्होंने बताया कि दोनों ऐसी जगह की तलाश में थे, जहां हत्या के बाद कोई सबूत न मिल सके। अधिकारी के अनुसार, यह साजिश कई सप्ताह में धीरे-धीरे तैयार हुई। इससे पहले दोनों ने इंटरनेट पर व्यापक खोजबीन की, कई स्थानों का मुआयना किया और वारदात को लेकर बार-बार आपस में चर्चा की। पुलिस ने 18 जून को रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल (26) की मौत के मामले में सिया गोयल (20) और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी (22) को गिरफ्तार किया। आरोप है कि दोनों ने पहले से बनाई गई साजिश के तहत लोहागढ़ किले की चट्टान से धक्का देकर अग्रवाल की हत्या कर दी।

# 'पेपर लीक पर सरकार संसद में चर्चा को तैयार', जेपी नड्डा ने विपक्ष को घेरा, बोले- राहुल गांधी बताएं वो सेलेक्टिव क्यों हैं

**नीट पेपर लीक और छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह अलर्ट है।**




नीट पेपर लीक को लेकर जंतर मंतर पर हो रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सरकार की तरफ से एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन का राजनीतिकरण न हो। पेपर लीक का मुद्दा जांच का विषय है। विपक्ष को इससे राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। इससे पहले आज शाम 4 बजे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक को लेकर दिल्ली में बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा शासन के तहत देश की शिक्षा प्रणाली में धांधली की गई है। साथी ही छात्रों की तरफ से कांग्रेस सांसद ने सरकार के सामने तीन मांगे रखी हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल ने सरकार के सामने पहली मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है। राहुल गांधी का कहना है कि नीट पेपर लीक मामले की जिम्मेदारी तय करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। वहीं, सोनम वांगचुक के पास एक चिट्ठी पहुंच चुकी है, ये 55 सांसदों की चिट्ठी है।

अब सोनम वांगचुक को दूसरी चिट्ठी का इंतज़ार है जिसमें वांगचुक सरकार से आश्वासन चाहते हैं कि किसी भी छात्र पर लाठी न चले, किसी भी छात्र पर मुकदमा दर्ज न हो और कोई भी छात्र हिरासत में ना जाए। खबर है कि सरकार सोनम वांगचुक की मांगें मान सकती है।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से ले रही है और पेपर लीक से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इस संवेदनशील मुद्दे पर छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी से बयान दें। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र कठिन मेहनत के बाद परीक्षाओं में शामिल होते हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

# "...तो मैं अनशन खत्म कर दूंगा", सोनम वांगचुक ने केंद्र को लेटर लिखकर बताई अपनी शर्तें



पेपर लीक के मामले पर अनशन कर रहे सोनम वांगचुक ने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। वांगचुक ने पत्र में लिखा है कि अगर केंद्र सरकार उनकी मांगों को लेकर उन्हें भरोसा दिलाए तो वे अपना अनशन खत्म कर देंगे। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह के नाम लिखे लेटर में सोनम वांगचुक ने कल रात अस्पताल में मुझसे मिलने और मेरा अनशन खत्म करने की आपकी अपील के लिए धन्यवाद। हमारी बातचीत के दौरान आपने मुझे भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी बातों पर सकारात्मक रूप से विचार करेगी। सोनम वांगचुक ने सरकार से मांग की है कि परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवज़ा दिया जाए। जवाबदेही तय करने के लिए संसद में सार्थक चर्चा, जिसमें शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर विचार करना भी शामिल हो। पुलिस द्वारा ज़्यादती और ज़रूरत से ज़्यादा बल प्रयोग के बावजूद 20 जुलाई 2026 का 'चलो संसद' मार्च बहुत शांतिपूर्ण रहा। पूरे देश और दुनिया ने लोकतांत्रिक विरोध के प्रति उनके धैर्य और प्रतिबद्धता को देखा।

मुझे पूरी उम्मीद है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में इस भरोसे को किसी भी कानूनी मामले, उत्पीड़न या इसमें शामिल लोगों के खिलाफ बदले की भावना से की गई कार्रवाई से कमज़ोर नहीं किया जाएगा।

वांगचुक ने पत्र में लिखा, अस्पताल में आपसे मिलने के बाद अलग-अलग राजनीतिक दलों के लगभग 65 सांसदों ने मुझे पत्र लिखा है। कुछ लोग पहले ही आ चुके हैं और बाकी के आज शाम तक आने की उम्मीद है। उन सभी ने मुझसे अपना अनशन खत्म करने का आग्रह किया है और याद दिलाया है कि मुझे अभी देश की सेवा में बहुत काम करना है। मैं उनसे सहमत हूं। मैं जीना चाहता हूं। मैं अपने छात्रों, शिक्षा और उस काम में लौटना चाहता हूं जिसने मेरे जीवन को एक पहचान दी है। लेकिन मैं उन युवाओं की कीमत पर ऐसा नहीं कर सकता जिनके लिए यह आंदोलन शुरू हुआ था। इसलिए मैं सरकार से सम्मानपूर्वक एक स्पष्ट आश्वासन चाहता हूं कि इस आंदोलन में भाग लेने वाले किसी भी युवा प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक या बदले की भावना वाली कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# 'शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान दें इस्तीफा,' राहुल गांधी ने छात्रों की तरफ से सरकार के सामने रखी 3 मांगें

छात्र प्रदर्शनों को लेकर कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक को लेकर दिल्ली में बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा शासन के तहत देश की शिक्षा प्रणाली में धांधली की गई है। साथी ही छात्रों की तरफ से कांग्रेस सांसद ने सरकार के सामने तीन मांगे रखी हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल ने सरकार के सामने पहली मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है। राहुल गांधी का कहना है कि नीट पेपर लीक मामले की जिम्मेदारी तय करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। छात्रों की ओर से राहुल गांधी ने दूसरी मांग है कि जिन लोगों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ कथित तौर पर मारपीट की, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्हें इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए। छात्रों का आरोप है कि उनके साथ बल प्रयोग और मारपीट की गई, जिसके बाद दोषियों के खिलाफ जवाबदेही तय करने की मांग तेज हो गई है। इसके अलावा राहुल गांधी छात्रों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगने की भी मांग की है। 20 जुलाई को छात्रों के साथ हुई कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनसे माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'सरकार इस मामले को दबाना चाहती है, लेकिन हम चाहते हैं कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पद छोड़ें, प्रधानमंत्री माफी मांगें और शिक्षा व्यवस्था में बदलाव हो।'



स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415